www.navpradesh.com

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात

दैनिक

# नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 18 फरवरी 2022, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-302 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

सब्र और सच्चाई एक ऐसी सवारी है जो कभी अपने सवार को गिरने नही देती, ना किसी के कदमों में और ना किसी की नज़रों में।

## आज बेबाक

चुनाव आयोग का हिसाब किताब वाकई समझ से परे है। देश में कोरोना की तीसरी लहर का असर कम होने लगा तो चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में रैलियों व सभाओं के आयोजन के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए है। चुनाव आयोग के अनुसार अब राजनीतिक पार्टियां खुले मैदान में क्षमता से आधी संख्या में भीड़ जुटाकर जनसभाएं कर सकेंगी। खुले मैदान में क्षमता का आकलन कैसे होगा? मतलब साफ है कि जनसभाओं के नाम पर खुले मैदान में सभी राजनीतिक दल खुला खेल फर्रूखाबादी खेल सकते है। जो खेल भी रहे है।

# बस्तर से लगे दक्षिण के शहर में आदिवासियों का सबसे बड़ा महाकुंभ

■ तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , छग एवं मध्यप्रदेश के साथ ही देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालु

राजेश झाड़ी

**बीजापुर/नवप्रदेश।** छग से लगे पड़ोसी राज्य तेलंगाना में वारंगल से 100 किमी दूर मेडारम स्थान पर आदिवासियों की माता-पुत्री देवियों समक्का-सारालम्मा के प्रति श्रद्धा और स्मृति के लिए विशाल जातरा (मेला) चल रहा है। यह जातरा हर दूसरे वर्ष आयोजित होता है। इस साल यह जात्रा 16 से 19 फरवरी तक अयोजित है। यह दक्षिण भारत का सबसे बड़ा आयोजन है। यहां कुंभ के बाद सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इस साल लगभग 1 करोड़ 40 लाख श्रद्धालुओं के यहां सम्मिलित होने का अनुमान है। इसका इतिहास लगभग 600 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### 75 करोड़ राशि आवंटित

तेलंगाना सरकार ने इसके लिए 75 करोड़ की राशि आबंटित की है। यहां की व्यवस्था दो आईजी और छह एसपी स्तर के अधिकारी संभाल रहे हैं। हैदराबाद के लिए विशेष हवाई सेवा और आगे के लिए विशेष ट्रेन एवं बस की व्यवस्था है। यहां मध्य और दक्षिण भारत के आदिवासी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस मेडारम जातरा को यूनेस्को ने सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया है। यह विश्व का सबसे बड़ा आदिवासी आयोजन है।

### हेलीकॉप्टर की सुविधाएं

वरंगल से मेडारम के लिए इस वर्ष हेलीकॉप्टर सेवाऐं रखी गई है। जिसमें मेडारम आने -जाने वाले लोगों के लिए हेलीकॉप्टर से प्रत्येक व्यक्ति को किराया 19 हजार 999 रुपए रखी गई है आने एंव जाने का। इसके अलावा ऐयर बैलून्स के शौकीन वालो के लिए ऐयर बैलून्स से नीले आसमान में उडकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### सूर्योदय

उदय : 6:23 प्रात:

अस्त : 5:37 संध्या

### जनसंख्या

विश्व : 7,927,792,890

भारत : 1,402,514,420

### बाजार

सेंसेक्स : 57892.01

निफ्टी : 17304.60

गोल्ड : 49,970 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 63,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.39 प्रति नग

### प्रदेश का मौसम

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 27.0 | 19.9 |
| बिलासपुर | 27.4 | 18.0 |
| जगदलपुर | 29.0 | 16.5 |
| अंबिकापुर | 24.0 | 12.8 |

### आज का दिवस

**साइंस की एक बड़ी खोज:** हर दिन कुछ नया करने और कुछ अनोखा खोजने के इच्छुक लोगों की दुनिया में कमी नहीं है। 18 फरवरी 1930 को ऐसे ही एक जिज्ञासु अमेरिकी वैज्ञानिक क्लाइड टॉमबा ने एक बौनेग्रह की खोज की थी। पहले इसे ग्रह मान लिया गया था, लेकिन बाद में इसे ग्रहों के परिवार से बाहर कर दिया गया। इस ग्रह नाम रखने के लिए सुझाव मांगे गए तो 11वीं में पढ़ने वाली एक लड़की ने इसे प्लूटो नाम दिया।

# पंजाब चुनाव : घोषणापत्र जारी न होने से पार्टी नेताओं में नाराजगी

**चंडीगढ़।** पंजाब में चुनाव होने में तीन दिन से भी कम समय बचा है, सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने अभी तक अपना घोषणा पत्र जारी नहीं किया है। ऐसे में पार्टी के वरिष्ठ नेता इस देरी को लेकर चिंतित हैं, घोषणापत्र के प्रभारी ने कहा कि इसे गुरुवार को ऑनलाइन जारी किया जा सकता है। पंजाब में जहां 20 फरवरी को मतदान होगा, वहीं शुक्रवार को प्रचार खत्म हो जाएगा।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि वे(पार्टी हाईकमान) किसका इंतजार कर रहे हैं? चुनाव घोषणापत्र के लिए समिति का गठन भी क्यों किया गया? एक अन्य नेता ने कहा, 'ऐसा लगता है कि उनके पास कोई स्पष्ट दृष्टिकोण नहीं है और केवल घोषणाएं की जा रही हैं। वे केवल अपने आंतरिक झगड़ों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सिद्धू अपने खुद के मॉडल दे रहे हैं, चन्नी (मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी) अपने खुद के मुफ्त उपहारों की घोषणा कर रहे हैं, लेकिन इन सभी को घोषणापत्र नामक औपचारिक दस्तावेज में शामिल किया जाना चाहिए।

चुनाव से पहले जबकि कांग्रेस को सत्ता विरोधी लहर और अपने प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## कांग्रेस प्रवक्ता जयराज ने दिया इस्तीफा

**गांधीनगर।** गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता जयराज सिंह परमार ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने उन्हें लंबे समय तक दरकिनार कर दिया और यह कुछ चुनिंदा नेताओं की 'निजी संपत्ति' बन गई है जो चुनाव भी नहीं जीत सकते। गुजरात में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच परमार ने कहा कि वह अपनी भविष्य की योजनाओं को बाद में साझा करेंगे। मालूम हो कि राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। फेसबुक पेज पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए परमार ने एक पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने राज्य पार्टी इकाई के कामकाज पर गुस्सा जताया। परमार ने कहा कि उन्हें पार्टी संगठन में उनकी क्षमता से मेल खाने वाले किसी भी 'सम्मानजनक पद' की पेशकश नहीं की गई थी और पिछले 10 वर्षों से जानबूझकर दरकिनार कर दिया गया था। उन्होंने कभी शिकायत नहीं की और इन सभी वर्षों में प्रतिबद्ध रहे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## पीएम मोदी आज ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली लाइनों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली दो अतिरिक्त रेलवे लाइनों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मुंबई उपनगरीय रेलवे की दो उपनगरीय रेलगाड़ियों को भी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद वह लोगों को संबोधित भी करेंगे। कल्याण मध्य रेलवे का मुख्य जंक्शन है जहां उत्तरी और दक्षिणी भाग से आने वाला यातायात मिलता है और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसटीएम) की ओर चला जाता है। कल्याण और सीएसटीएम के बीच चार पटरियों में से दो ट्रैक धीमी लोकल ट्रेनों के लिए और दो ट्रैक फास्ट लोकल, मेल एक्सप्रेस और मालगाड़ियों के लिए इस्तेमाल किए गए थे। उपनगरीय और लंबी दूरी की रेलगाड़ियों को अलग करने के लिए दो अतिरिक्त पटरियों की योजना बनाई गई थी।

ठाणे और दिवा को जोड़ने वाली दो अतिरिक्त रेल लाइनें लगभग 620 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई हैं और इसमें 1.4 किमी लंबा रेल फ्लाईओवर, 3 प्रमुख पुल, 21 छोटे पुल शामिल हैं। ये लाइनें मुंबई में उपनगरीय रेलगाड़ियों के यातायात के साथ लंबी दूरी की रेलगाड़ियों के यातायात में रुकावट को काफी हद तक दूर कर देंगी। इन लाइनों से शहर में 36 नई उपनगरीय रेलगाड़ियां भी चलाई जा सकेंगी।

## किसान, नौजवान और व्यापारी ही देश को करेंगे मजबूत: मुलायम

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में ज्यों-ज्यों विधानसभा चुनावों के अगले चरण आते जा रहे हैं वैसे-वैसे सूबे का पारा बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में सत्ता संग्राम के बीच गुरुवार को सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव चुनावी प्रचार में उतरे। इस दौरान सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने इस चुनाव में पहली बार अपने बेटे अखिलेश यादव के लिए वोट मांगे। करहल में जनसभा को संबोधित करते हुए मुलायम ने कहा कि इस देश को किसान, व्यापारी और नौजवानों ही मजबूत करेंगे। इन तीनों की उम्मीदों को समाजवादी पार्टी पूरा करेगी। मुलायम सिंह यादव ने जनता से अपील करते हुए कहा कि करहल से अखिलेश यादव को भारी वोटों से जिताने का काम करें। विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण में मुलायम चुनावी प्रचार से दूर बने रहे। लेकिन करहल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## नारकोटिक्स सेल का गठन

**रायपुर/नवप्रदेश।** अवैध रूप से चल रहे नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने ले लिए क्राइम एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में राजधानी पुलिस ने नारकोटिक्स सेल का गठन किया है।

इस सेल में सीएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी, इंस्पेक्टर गिरीश तिवारी, अश्वनी राठौर, प्रधान आरक्षक महेंद्र राजपूत, सरफराज चिस्ती, आरक्षक प्रमोद बेहरा, आशीष राजपूत और राजकुमार देवांगन को शामिल किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स सेल में 8 पुलिस अधिकारियों का नाम शामिल किया गया है। इस संबंध में रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने आदेश जारी कर दिया है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी में नशे का कारोबार करने वालों की अब खैर नहीं। दरअसल नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए नारकोटिक्स सेल का गठन किया गया है। नारकोटिक्स सेल का गठन आईजी रायपुर रेंज की बैठक में किया गया है।

## यातायात प्रभारी व साथी 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** छग के गौरेला-पेंड्रा में एन्टी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की। 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए हुए यातायात पुलिस के सूबेदार और उसके साथी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरेला पेंड्रा मरवाही के यातायात प्रभारी विकास नारंग और उसके निजी साथी भरत पनीका है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने एसीबी में शिकायत की थी कि उसके द्वारा पेंड्रा में बसों का संचालन किया जाता है। उनकी बसों का यातायात प्रभारी पेंड्रा सूबेदार द्वारा बेवजह चालान किया जाता है। प्रार्थी को बार-बार के चालान से बचाने के लिए यातायात पुलिस के सूबेदार ने बस मालिक से 60 हजार रुपये की मांग की। शिकायत के आधार पर एसीबी की टीम ने जांच की कार्रवाई की और सुनियोजित तरीके से बस संचालक और सूबेदार के बीच संवाद किया, जिसमें 50 हजार रुपये में समझौता हुआ। जिसके बाद प्रार्थी ने योजनाबद्ध तरिके से पेण्ड्रा स्थिति ढाबे के सामने आरोपी को जैसे ही 50 हजार दिया, वैसे ही एसीबी टीम ने सूबेदार विकास नारक और उसके सहयोगी भरत पनिका को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### गरमा-गरम

# मोदी सरकार की नीति और नीयत दोनों में खोट है : मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली (ए.)।** पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह ने गुरुवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कोरोना के दौरान केंद्र सरकार की खराब नीतियों के कारण लोग आर्थिकता, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। मनमोहन सिंह ने कहा, 7.5 साल सरकार चलाने के बाद सरकार अपनी गलती मानने और सुधार करने की बजाए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहराने पर लगी है।

पूर्व प्रधानमंत्री सिंह ने कहा, इस सरकार का नकली राष्ट्रवाद जितना खोखला है, उतना ही खतरनाक है। इनका राष्ट्रवाद अंग्रेजों की बांटों और राज करो की नीति पर टिका है। संवैधानिक संस्थाओं को लगातार कमजोर किया जा रहा है। ये सरकार विदेश नीति के मोर्चे पर भी पूरी तरह फेल साबित हुई है।

### 'मैंने अपने काम के जरिए बात की'

मनमोहन सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि पीएम का पद एक विशेष महत्व रखता है। पीएम को इतिहास को दोष देने के बजाय गरिमा बनाए रखना चाहिए। जब मैं 10 साल तक प्रधानमंत्री था, तो मैंने अपने काम के जरिए बात की। मैंने कभी भी देश को दुनिया के सामने प्रतिष्ठा खोने नहीं दिया। मैंने कभी भी भारत के गौरव को कम नहीं किया। मुझे कम से कम इस बात का संतोष है कि मुझ पर कमजोर, शांत और भ्रष्ट होने के झूठे आरोपों के बाद, भाजपा और उसकी बी और सी-टीम देश के सामने बेनकाब हो रही है।

# वेलेंटाइन डे पर लापता 10वीं की छात्रा रायगढ़ में मिली

■ इंस्टाग्राम वाला दोस्त मिलने आया, फिर स्कूल जाते गुमशुदा हुई, युवक का अभी तक पता नहीं

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर में वेलेंटाइन डे के दिन 15 साल की लड़की अचानक गायब हो गई। यह मामला पुलिस तक पहुंचा, तब अजीब प्रेम कहानी सामने आई। दरअसल, झारखंड के युवक से इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी दोस्ती हुई। युवक उससे मिलने आया था। फिर लड़की गायब हो गई। पुलिस ने लड़की को रायगढ़ स्टेशन से पकड़ लिया है, लेकिन, लड़के का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है।

अब लड़की भी किसी के साथ भागने की बात से इनकार कर रही है।

जानकारी के अनुसार मूलतः रायगढ़ जिले की रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा अपनी चकरभाठा क्षेत्र में अपनी मौसी के यहां रहकर पढ़ाई कर रही है। वह 10वीं कक्षा में पढ़ती है। बीते 14 फरवरी को वह यूनिफार्म पहन कर स्कूल जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वह शाम तक घर नहीं लौटी। इधर, उसकी मौसी परेशान होकर उसकी तलाश करने लगी। रिश्तेदार और उसकी सलेहियों से पूछताछ की, तब भी उसका कुछ पता नहीं चला। फिर उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

### झारखंड के युवक से करती थी बात

पुलिस की जांच, परिजन और सहेलियों से पूछताछ में पता चला कि छात्रा की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए झारखंड के बोकारो के युवक से हुई। बताया जा रहा है कि युवक वेलेंटाइन डे पर उससे मिलने के लिए आया था। इस बीच मंगलवार को साइबर सेल की मदद से पता चला कि लड़की ट्रेन से रायगढ़ तरफ जा रही है। इसके बाद रायगढ़ पुलिस की मदद से उसे स्टेशन में उतार लिया गया। पुलिस बुधवार को उसे लेकर चकरभाठा आ गई है और पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

### गोलमोल जवाब दे रही पुलिस

युवक के बारे में पुलिस अब गोलमोल जवाब दे रही है। चकरभाठा थ्रढ्ढ मनोज नायक ने बताया कि छात्रा रायगढ़ स्टेशन में अकेली मिली है। युवक का अब तक कुछ पता नहीं चला है। लेकिन, छात्रा अकेली जा रही थी, तो उसके पास कहां का टिकट था और वह कहां जा रही थी, यह जवाब पुलिस के पास नहीं है। उन्होंने बताया कि छात्रा ने अपने बयान में बताया है कि वह अकेली अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकली थी। जब वह रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकली थी, तब झारखंड के युवक से दोस्ती और उसके आने की खबर पुलिस को कैसे मिली, इसका भी कोई जवाब नहीं है।

# घर से भटकी किशोरी को डायल 112 ने स्वजन को सौंपा, एसपी ने किया प्रशंसा

■ पूछताछ में पता चला कि किशोरी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** न्यायधानी में घर के रास्ता भटककर किशोरी दूसरे गांव पहुंच गई। आसपास के लोगों ने उसे परेशान देखकर बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन किशोरी कुछ बता नही पा रही थी। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस की डायल 112 की टीम को सूचना दी। डायल 112 की टीम जांच करने मौके पर पहुंची और किशोरी से पूछताछ करने का प्रयास किया। तब पता चला कि किशोरी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस टीम ने किसी तरह किशोरी को उसके परिजन तक पहुंचाया। एसपी पारूल माथुर ने डायल 112 के स्टाफकी प्रशंसा किया है। डायल 112 की टीम ग्राम पौसरा पेट्रोल पंप के पास पहुची। वह कॉलर डेविड बनर्जी से सम्पर्क किया। उन्होंने बताया कि एक 13 साल की बच्ची है जो रात से उसके घर के पास बैठी है। पूछने पर अपना नाम पता नहीं बता रही है और दिमाक से थोड़ा कमजोर लग रही है। पुलिस ने मौके पर पहुचकर बच्ची से पूछतास की। किशोरी अपना पता बरखदान बता रही थी। बाकि कुछ बता नहीं पा रही थी। पुलिस टीम ने 112 वाहन की सहायता से तोरवा थाना स्थित बर खदान पहुची। दो चार जगह किशोरी को दिखा कर उसकी जानकारी ली। एक युवक ने उस बच्ची को पहचान लिया और अपने साथ लेकर उसके घर गए। किशोरी को उसके माता पिता को सकुशल सुपुर्द किया। बच्ची अपने माता पिता को पहचान लिया। उसके पिता राघश्याम कहर ने बच्ची का नाम ज्योति कहर 15वर्ष निवासी बर खदान वार्ड नम्बर 42 शिव मंदिर के पास बताया। जिसकी सूचना डीपीसीआर और थाना तोरवा को दिया गया। किशोरी को सुरक्षित पाकर स्वजन ने पुलिस को धन्यवाद कहा। डायल 112 का उपयोग आम जनता सभी प्रकार के समस्या संबंधित काम के लिए किया जा रहा हैं।

## ■ न्यूज गैलरी

### मुख्यमंत्री ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी विवेकानंद के गुरू एवं महान विचारक स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 18 फरवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने स्वामी रामकृष्ण को याद करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरू स्वामी परमहंस जी मानवीय मूल्यों के पोषक और मानवता के पुजारी थे। परमहंस जी के विचार मूल्य सदा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के पश्चात कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। गुरूवार शाम 4 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार मिलर्स द्वारा डीओ और टीओ के माध्यम से 75.20 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम कर रही है। अब तक 20.59 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में गुणवत्तायुक्त चावल जमा करा चुके हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 11.33 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 9.26 लाख मीटरिक टन जमा चावल शामिल है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 75.20 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 61 लाख 62 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 55 लाख 39 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 24 लाख 05 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 19 लाख 81 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराना है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 10 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

**नारायणपुर/नवप्रदेश।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छेरीबेड़ा/ओरछा (छोटेडोंगर) शिक्षण सन् 2022-23 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन कर प्रवीण्यता के आधार पर 60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 3 अप्रैल 2022, दिन रविवार को प्रातः 10.30 से होगा। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, प्रवेशित सीटों का आरक्षण ,पात्रता एवं आवेदन पत्र का प्रारूप तथा प्रवेश नीति के नियम जिले के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॅटनारायणपुरडॉटजीओव्हीडॉटइन एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय, सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा नारायणपुर के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय शिविर प्रारंभ

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** मुंगेली जिले में आयुष्मान भारत योजना और डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 15 फरवरी से ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय शिविर प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर और जिले के पुलिस अधीक्षक डीआर आंचला ने जिले के विकासखंड पथरिया के ग्राम पंचायत सल्फा और ग्राम पंचायत धुमा में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित शिविर का निरीक्षण किए। आयुष्मान भारत योजना और डा. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने लोगों में भारी उत्साह देखा गया।

### फैक्ट्री स्थापना हेतु पॉलटेक्नीक कालेज एवं तेन्दूपत्ता गोदाम का लिया जायजा

**बीजापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने बीजापुर जिला मुख्यालय में गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने के लिए पॉलटेक्नीक कालेज तथा तेन्दूपत्ता गोदाम का निरीक्षण किया और उक्त दोनों स्थानों में आवश्यक संसाधनों की सुलभता, बिजली की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होने वनधन केन्द्र भवन का भी अवलोकन किया और उक्त भवन में वनोपज प्रसंस्करण हेतु आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। वहीं ड्रग वेयर हाऊस का निरीक्षण कर उक्त भवन के मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत रवि साहू, एसडीएम भोपालपटनम हेमेन्द्र भूआर्य, सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण गौरव पांडे, एपीओ मनरेगा मनीष सोनवानी और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बस्तर के एनर्जी पार्क का हो रहा है कायाकल्प

■ टॉय ट्रेन, बागवानी बनेगा लोगों के आकर्षण का केंद्र

■ क्रे डा अध्यक्ष मिथिलेश ने किया एनर्जी पार्क का निरीक्षण

**रायपुर/नवप्रदेश।** बस्तर जिले के घाटलोहंगा में स्थित एनर्जी पार्क (बस्तर हॉट) को आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। उर्जा का मुख्य स्रेत अक्षय उर्जा से संचालित इस पार्क में ज्ञान-विज्ञान की जानकारी दी जाती है। अब इसे प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां पर ट्राय ट्रेन, हाथी-घोड़ों की कृतियां एवं झूला का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर स्व-सहायता समूहों के लिए रोजगार उपलब्ध करने के इंतजाम भी किए जाएंगे।

मंगलवार को क्रेडा के अध्यक्ष श्री मिथिलेश स्वर्णकार ने एनर्जी पार्क का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पार्क में निर्माण कार्यों का जायजा लिया और सभी कार्यों को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एनर्जी पार्क को नवीन स्वरूप दिया जा रहा है। जिससे यह पार्क लोगों के आकर्षण का केंद्र बने और यहां से लौटकर पर्यटक इस पार्क की खूबियों के बारे में लोगों को बताए। श्री स्वर्णकार ने कहा कि यहां पर बागवानी का निर्माण किया जाएगा।

जिससे पार्क की खूबसूरती और बढ़ जाएगी। श्री स्वर्णकार ने एनर्जी पार्क में बन रहे इलेक्ट्रॉनिक टॉय ट्रेन का ट्रायल भी देखा और संतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ उठा सकेंगे।

इस पार्क में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए आमचो बस्तर सेल्फी प्वाइंट बनाया जा रहा है, सेल्फी प्वाइंट अलग-अलग स्थानों पर बनाए जायेंगे। यहां पर स्थानीय स्तर पर स्व-सहायता समूहों को रोजगार उपलब्ध कराई जाएगी जो कि बस्तर आर्ट बनाएंगे, बस्तर के व्यंजन परोसेंगे, जिससे उनको रोजगार मिलेगा। एनर्जी पार्क में बच्चों को लुभाने के लिए भी कई प्रकार के इंतजाम किए जा रहे हैं। जिसमें हाथी-घोड़े की कृतियां होगी तो बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व कई प्रकार की व्यवस्था की जा रही है।

पार्क निरीक्षण के दौरान क्रेडा के अधीक्षण अभियंता पी.के. जैन, कार्यपालन अभियंता डी.डी. सिदार, जिला प्रभारी बस्तर जीआर मरकाम, सहायक अभियंता कमलेश पटेल, अनुपम मिश्रा, अमित जैन, पार्क प्रभारी नीलकंठ नाग उपस्थित थे।

## नारायणपुर के ऐतिहासिक मेले की तैयारियां शुरू

■ मेले के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियो को सौंपी गयी जिम्मेदारी

**नारायणपुर/नवप्रदेश।** बस्तर अंचल के प्रसिद्ध ऐतिहासिक माता मावली मेला 2022 के सफला आयोजन हेतु आज आदेश जारी किये गये हैं, जिसके लिए जिले में पदस्थ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जारी आदेश में सांस्कृति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर प्रदीप वैद्य, सहायक नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर/ओरछा, जिला शिक्षा अधिकारी और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को बनाया गया है।

इसी प्रकार मेला स्थल पर बैरियर/बैरिकेटिंग की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियता लोक निर्माण विभाग एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपी गयी है। संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था, व्हीआईपी विश्रामगृह सत्कार, गोण्डवाना भवन में अतिथियों हेतु व्यवस्था एवं दुकान आबंटन की कार्यवाही नगर पालिका अधिकारी द्वारा की जायेगी।

माता मावली मेला के प्रचार-प्रसार, फोटो एवं विडियोग्राफी कराने की जिम्मेदारी सहायक संचालक जनसंपर्क की होगी। माता मावली मेला स्थल में विद्युत व्यवस्था/पेयजल, साफ सफाई एवं आमंत्रण कार्ड की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गयी है।

मेले में आने वाले ग्रामीणों हेतु रियायती दर पर भोजन हेतु चांवल एवं मिट्टी तेल की व्यवस्था जिला खाद्य अधिकारी करेंगे। कार्यक्रम हेतु उद्घोषकों की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जायेगी। इसी प्रकार जलाउ लकड़ी की व्यवस्थ वनमंडल, स्वास्थ्य सुविधा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और फायर ब्रिग्रेड की जिला सेनानी नगर सेना द्वारा की जायेगी।

## एफसीआई में चांवल जमा करने में और गति लाएं : मुख्य सचिव

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिए है कि मिलर्स का चावल भारतीय खाद्य निगम में जमा कराने में और गति लायें। धान उपार्जन केन्द्रों में शेष रहे धान का भी शीघ्र ही परिवहन कराने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने आज यहां मंत्रालय महानदी में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत खाद्य मूव्हमेंट वर्क प्लान की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में भारतीय खाद्य निगम, रेल्वे और खाद्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए। श्री जैन ने कलेक्टरों को निर्देश दिए है कि भारतीय खाद्य निगम का गोदामों में चावल जमा करने के लिए लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कार्य करें, जिससे मिलरों द्वारा तैयार चावल जमा कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चावल के परिवहन और भंडारण में आ रही दिक्कतों की समीक्षा कर त्वरित आवश्यक कार्यवाही की जाए।

मुख्य सचिव ने भारतीय खाद्य निगम को रेक प्वाइंट वाले प्रमुख जिलों में राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, महासमुंद, सूरजपुर में निर्धारित लक्ष्य एवं योजना के अनुसार पर्याप्त मात्रा में रेक उपलब्ध कराने के निर्देश रेल्वे के अधिकारियों को दिए है। इसी तरह से भारतीय खाद्य निगम द्वारा रेक मूव्हमेंट का समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश। जिससे मिलर्स को आवश्यकतानुसार परिवहन हेतु वाहनों की व्यवस्था की जा सके।

मुख्य सचिव ने एफसीआई द्वारा चावल उपार्जन कार्य में गति बनाए रखने हेतु मुंगेली, धमतरी, कवर्धा, बेमेतरा और कांकेर जिलों में पर्याप्त मात्रा में गोदाम की व्यवस्था करने के निर्देश इन जिलों के कलेक्टरों को दिए। इसी तरह से एफसीआई द्वारा स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन में अतिरिक्त गोदाम किराए पर लेकर चावल उपार्जन हेतु अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा, प्रबंध संचालक मार्कफेड सुश्री किरण कौशल, प्रबंध संचालक स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन निरंजन दास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 24 फरवरी को 3 बजे से होगी वॉक-इन इंटरव्यू

**बीजापुर/नवप्रदेश।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर बीजापुर में केन्द्र प्रशासक एवं केस वर्कर के रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्रता सूची जारी कर दी गयी है। उक्त पात्रता सूची अवलोकन हेतु कलेक्टोरेट एवं जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय बीजापुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गयी है। इसके साथ ही उक्त पात्रता सूची जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉगिन कर देखी जा सकती है। इस पात्रता सूची के बारे में किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति हो तो वे 24 फरवरी 2022 को मध्यान्ह 12 बजे तक जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय बीजापुर में स्वंय उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति मान्य होने की दशा में वे वॉक-इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। पात्र अभ्यर्थियों की वॉक-इन इंटरव्यू 24 फरवरी 2022 से अपरान्ह 3 बजे से होगी। दावा-आपत्ति एवं वॉक-इन इंटरव्यू में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को 48 घंटे के भीतर का कोविड टेस्ट रिर्पोट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## सिम्स में स्टेट कोटे की 139 सीटों पर प्रवेश

दूसरे चरण के कौन्सिलिंग में बढ़ाए जाएंगे शेष 9 सीटे

सिम्स में स्टेट कोटे की 139 सीटों पर प्रवेश

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) मे एमबीबीएस (यूजी) की 180 सीटों में प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण का काउंसिलिंग पूरा कर लिया गया। इसके तहत स्टेट कोटे के 148 सीट में से 139 सीट में प्रवेश हो गया हैं। अब स्टेट कोटे की 9 सीट में प्रवेश सेकेंड काउंसिलिंग में दिया जाएगा।

सिम्स प्रबंधन के मुताबिक एमबीबीएस की 180 सीट के अंतर्गत 148 सीट स्टेट कोटा, 27 सीट आल इंडिया कोटे के तहत भरा जाएगा। इसके अलावा पांच सीटें ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए हैं, जिनके माता-पिता सेना में हों या किसी आंतकवादी घटना का शिकार हुए हों ।

जिसे शासन स्तर पर निर्धारित किया जाएगा । प्रबंधन ने जानकारी है कि 139 सीट भरने के बाद पहले चरण के काउंसिलिंग प्रक्रिया समाप्त कर दी गई है। दूसरे चरण में शेष सीट भरा जाएगा। इसके बाद तीसरे चरण से आल इंडिया कोटे के सीट पर प्रवेश दिया जाएगा।

### पिछले साल ही मिले हैं 180 सीट की मान्यता

मालूम हो कि पिछले साल ही नेशनल मेडिकल कमीशन ने एमबीबीएस की सीटों में इजाफा किया है। प्रदेश स्तर पर 1070 बढ़े है। इसी के तहत सिम्स की 150 सीट बढ़कर 180 हुई है। पहले साल ही सभी सीट भर गए थे, ऐसे में आंकलन लगाया जा रहा है कि इस बार भी प्रवेश प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी।

### पीजी की चार सीट पर हो चुका है प्रवेश

सिम्स में पीजी की 36 सीट है। जिसके लिए भी प्रवेश प्रक्रिया चल रहा है। पहले चरण के कौन्सिलिंग में चार सीट भर चुकी हैं। इसमें दो सीट स्टेट व दो सीट आल इंडिया कोटे के तहत भरी गई है । मालूम हो कि सिम्स में पीजी की 18 सीट स्टेट और 18 सीट आल इंडिया कोटे के तहत भरे जाएंगे। शेष सीटों के लिए जल्द की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## कोत्तागुड़ा एवं गंगारम में किसानों को मिर्च की खेती करने कलेक्टर ने दी समझाइश

**बीजापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने जिले के भोपालपटनम ईलाके में इरीगेशन स्कीम सहित सिंचाई तालाब का जायजा लिया और अर्जुनल्ली लिफ्ट इरीगेशन स्कीम के नहर लायनिंग की स्वीकृति दी। वहीं पोषणपल्ली सिंचाई तालाब के जीर्णोद्वार हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर कटारा ने कोत्तागुड़ा एवं गंगारम में नवस्थापित लिफ्ट इरीगेशन स्कीम का निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा करते हुए उन्हें सिंचाई सुविधा का बेहतर ढंग से लाभ लेकर मिर्च की खेती करने की समझाईश दी। वहीं उक्त लिफ्ट इरीगेशन स्कीम का समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने अर्जुनल्ली लिफ्ट इरीगेशन स्कीम के द्वारा अधिक से अधिक रकबे में सिंचाई करने के लिए नहर लायनिंग की स्वीकृति दी और उक्त कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं पोषणपल्ली सिंचाई तालाब से सिंचाई के बारे में क्षेत्र के किसानों से चर्चा करते हुए उनकी मांग पर उक्त सिंचाई तालाब के जीर्णोद्वार हेतु कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के सदस्य बसंत राव ताटी, सीईओ जिला पंचायत रवि साहू, तहसीलदार ओमकारेश्वर सिंह, सीईओ जनपद पंचायत विजय नारायण तिवारी, सहायक अभियंता जलसंसाधन तेता, एपीओ मनरेगा मनीष सोनवानी सहित अन्य अधिकारी और क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202202140400011
अ-6/2021-22

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज ठाकुर पिता माखन सिंह ठाकुर जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम भंडारीपारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला भण्डारीपारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 48 में से क्षेत्रपल 284 वर्गमीटर/ वर्गफुट उर्मिला बाई पति स्व. माखन सिंह सा. देह नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार उर्मिला बाई पति स्व. माखन सिंह की मृत्यु दिनांक 01.01.2021 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 11/02/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 28.02.2022 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 243 | उपसंभाग क्र. 01/02 बिलासपुर के अंतर्गत केंवटाडीह टांगर सुलौनी मार्ग लं. 3.00 कि.मी., विद्याडीह भुरकुडा पहुंच मार्ग लं. 3.50 कि.मी. एवं झिरिया मंदिर पहुंच मार्ग लं. 0.70 कि.मी. में डामर नवीनीकरण। **संभाग क्र. 01 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण** | 99.87 |
| 2 | 244 | उपसंभाग क्र. 01 बिलासपुर के अंतर्गत एयरपोर्ट पहुंच मार्ग लं. 1.00 कि.मी. ताला मंदिर पहुंच मार्ग लं. 1.50 कि.मी., गुमा बोहारडीह मार्ग लं. 1.80 कि.मी. एवं नगपुरा, बसिया मार्ग लं. 1.60 कि.मी. में डामर नवीनीकरण। **संभाग क्र. 01 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण** | 102.26 |
| 3 | 245 | उपसंभाग क्र. 01 बिलासपुर के अंतर्गत पतईडीह जैतपुरी मनवा मार्ग लं. 4.00 कि.मी., भटचौरा रहटाडोर मार्ग लं. 4.00 कि.मी. एवं भटचौरा से मनवा कुकुर्दी खपरी घोरबी मार्ग 3.60 में डामर नवीनीकरण। **संभाग क्र. 01 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण** | 154.79 |
| 4 | 246 | माननीय उच्च न्यायालय भवन बोदरी बिलासपुर के तृतीय तल एवं चतुर्थ तल में स्टील ट्रस स्ट्रक्चलर डोम के साथ संशोधन कार्य **संभाग क्र. 02 बिलासपुर। द्वितीय आमंत्रण** | 49.73 |
| 4 | 247 | जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा में दिव्यांगजन हेतु रैम्प (भूतल से प्रथम तल हेतु) का निर्माण कार्य। **कोरबा संभाग कोरबा। द्वितीय आमंत्रण** | 21.34 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

जी-67842/6

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

# उत्कृष्ट सेवाओं से शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में आई कमी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2018 के उपरांत स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे विशेष प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति परिलक्षित हो रही हैं। शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग में आवश्यक विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबंधक एवं सहायकों की भर्ती कर राज्य में स्वास्थ्य के स्तर को उच्च मापदण्ड स्थापित किया जा रहा है।

### शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रयास

राज्य सरकार द्वारा शिशुओं की मृत्यु दर को शीघ्रातिशीघ्र न्यूनतम करने हेतु भी वृहद् प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य के 5 मेडिकल कालेज, 21 जिला अस्पतालों में सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट की स्थापना की गई है जिनकी नियमित मॉनिटरिंग स्वयं एम्स रायपुर के विषय विशेषज्ञों द्वारा की जाती है। इन एसएनसीयू में निरंतर माइक्रोबियल सर्विलेंस किया जा रहा है जिससे इन संस्थाओं को पूरी तरह से संक्रमण मुक्त रखा जा सके।

### सीएम हाट बाजार क्लिनिक योजना से बेहतर कवरेज

प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचलों में संचालित हाट बाजारों में स्थानीय ग्रामीणों को 356 मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इन हाट बाजारों में अब तक 21 लाख 62 हजार से अधिक व्यक्तियों के रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल, एनिमिया, हिमोग्लोबिन, मलेरिया एवं टायफाईड जैसे बीमारियों के लिए जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### 23% की आई है कमीं

केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2020-21 में छत्तीसगढ़ में नवजात मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु दर में बड़ी कमी आई है।

भारत सरकार के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार प्रदेश में राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 की तुलना में नवजात और शिशु मृत्यु दर दोनों में 23 व 18 प्रतिशत की कमीं आई है जबकि बिहार में 6 व 3 प्रतिशत, गुजरात में 19 व 9 प्रतिशत ओड़िसा में 4 एवं 8 प्रतिशत की कमी पाई गई है।

वहीं इस दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु दर में 22 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 वर्ष 2020-21 में और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 वर्ष 2015-16 में किया गया था।

### संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी

मातृत्व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश पूर्व वर्षो की अपेक्षा बेहतर स्थिति में है। प्रदेश में मातृ मृत्यु अनुपात वर्ष 2004-06 में 335 प्रति 1 लाख जीवित जन्म थी जो 2018 में प्राप्त नवीनतम आंकड़ो के अनुसार 159 प्रति 1 लाख जीवित जन्म हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2020-21 में छत्तीसगढ़ में संस्थागत प्रसव 70 प्रतिशत से बढ़कर 86 प्रतिशत हो गई है। इसमें विशेष तथ्य यह है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रसव पूर्व की अपेक्षा 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसी तरह प्रसव उपरांत चिकित्सक या अन्य प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही सेवा की स्थिति भी पूर्व वर्षो से 32 प्रतिशत बढ़ी है। स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा गर्भवती माताओं को दी गई आयरन एवं फॉलिक एसिड सेवन करने वाली माताओं की संख्या में पूर्व वर्षो की अपेक्षा 177 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### प्रसव के लिए माइक्रो बर्थ प्लानिंग

वर्तमान में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में उच्च जोखिम वाली सभी गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रणनीति भी बनाई गई है ताकि प्रदेश की हर माता और शिशु दोनों स्वस्थ रहें। इस हेतु संस्थागत प्रसव बढ़ाने की ओर किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ प्रत्येक उच्च जोखिम वाली सभी गर्भवती महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैकिंग की जा रही है तथा उनके प्रसव हेतु माइक्रोबर्थ प्लांनिंग भी की जा रही है।जिससे महिलाओं एवं होने वाले नवजात शिशु दोनों को उचित समय में उचित स्वास्थ्य सूविधा प्रदान की जा सकें। गुणवत्तापूर्ण मातृत्व स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु प्रदेश में 25 (एमसीएच विंग) मातृत्व एवं शिशु अस्पताल संचालित किए जा रहें है। राज्य में 58 एफआरयूएस क्रियाशिल हैं एवं स्वास्थ्य सुविधा को और सुदृढ़ करने हेतु हमर अस्पताल, ब्लड बैंक जैसे जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन किया जा रहा है। राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज के साथ ही जिला अस्पताल का संचालन किया जा रहा है।

### आदिवासी अंचलों में घटा मलेरिया

राज्य के आदिवासी अंचलों में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान से बस्तर में मलेरिया के मामलों में 55 प्रतिशत की कमी पाई गई। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान से पूरे राज्य में परजीवी सूचकांक 5.31 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2021 में 0.75 प्रतिशत हो गई है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र स्वास्थ्य की आपूर्ति

प्रदेश में विगत 3 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र स्वास्थ्य की आपूर्ति के लिए 3539 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य स्तर पर स्थापित किए गए है। जिनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती माताओं शिशुओं के स्वास्थ्य के साथ ही कुल 12 प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं ग्रामीणों को प्रदाय की जा रही है।

एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों की घर पहूंच स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही इन संस्थाओं के माध्यम से दीर्घकालीन रोगों के मरीजों को उनके घर पर प्रतिमाह दवाई उपलब्ध कराई जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### केन्द्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने साजिश कर रही: कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार देश में यूपीए सरकार के समय से चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का साजिश कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में गरीबों को रोजगार देने वाली मनरेगा के बजट में मोदी सरकार ने 24 प्रतिशत की कटौती कर दिया है। मनरेगा में पिछले साल 11.6 करोड़ लोगों ने रोजगार मांगा था इनमें से 2 करोड़ लोगों को रोजगार नहीं मिल पाया था। इस वर्ष की गयी 25 प्रतिशत कटौती से काम नहीं मिलने वालों की संख्या में और बढ़ोत्तरी होगी। मोदी सरकार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले ऊपज के लिये बजट में भी 8 प्रतिशत की कटौती कर दिया है। मोदी सरकार ने किसानों को मिलने वाली खाद सब्सिडी जो 1.40 लाख करोड़ को घटा कर 1.05 लाख करोड़ कर दिया। खाद सब्सिडी में भी मोदी सरकार ने 35 हजार करोड़ की कमी किया है। इसका भार भी किसानों पर पड़ रहा है। इस कटौती के कारण उर्वरकों के दाम बढ़ गये है, किसान परेशान है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब महिलाओं को जनधन योजना के तहत मिलने वाले 30 हजार करोड़ की सब्सिडी को भी खत्म कर दिया। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास में केंद्रीय अंश को भी 40 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया। केंद्र सरकार ने राज्यों के माध्यम से चलाये जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं में केंद्रांश के रेशियों को घटाकर 75 एवं 25 कर दिया है।

### राजिम मेले के दूसरे दिन धनजी के डंडा नृत्य ने रंग जमा दिया

**राजिम/नवप्रदेश।** माघी पुन्नी मेला के दूसरे दिन सांस्कृतिक मंच क्रमांक-02 पर छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृति सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मानव मंच पर ही उतर आयी थी। लोकधुन एवं लोककला की जुगलबंदी देखते ही बन रही थी। मगरलोड के भुनेश्वरी ठाकुर के जय मां शारदा महिला मानस मण्डली ने रामायण के प्रंसंगो पर व्यांख्यान दिया तथा धार्मिक भजनो को सुनकर लोग झुमते रहे। फूलझर छुरा के धनजी राम ने डंडा नृत्य प्रस्तुत किया। छत्तीसगढ़ी वेशभुषा में गांव के यह कलाकार सामांजस्य बिठाते हुए डंडे लेकर पैर उठाये और हाथो मे पकड़े डंडे को एक दूसरे में टच किया तो मधुर आवाज पुरे मंच पर गुंजने लगी। बता देना जरूरी है कि वर्तमान मे डंडा नृत्य के कलाकार विरले ही देखने को मिलता है लुप्त हो रहे इस विधा को छत्तीसगढ शासन के संस्कृति विभाग ने इस मंच के माध्यम से सामने लाने का काम किया, जिसका आम जनता ने प्रशंसा की है। टोकरो अभनपुर के जगराता ग्रुप के गायक डोमेश सेन एवं सुखदेव साहू ने धार्मिक भजनो से अनोखी छाप छोड़ी। बेमेतरा के रामेश्वर देवांगन ने फाग मण्डली के माध्यम से होली गीतो की बौछार कर दी। नंगाड़े की धुन एवं राजीवलोचन की जयकारा मौहोल को भक्तिमय बना दिया। बरभांठा महासमुंद शिवा सुरदास के लोकरागिनी मानस परिवार के रामायण प्रस्तुति को लोग घंटे सुनते रहे। मंच संचालक मनोज सेन ने किया।

### तालाब खुदाई में मिली योग नृसिंह की विरल प्राचीन मूर्ति

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिले के आरंग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुम्हारी में तालाब गहरीकरण के दौरान प्राप्त योग नृसिंह की विरल प्राचीन मूर्ति को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा रायपुर के घासीदास स्मारक संग्रहालय में लाई गई है। योग नृसिंह की यह प्राचीन मूर्ति लाल बलुआ प्रस्तर से निर्मित है और 4थी-5वीं सदी ईसवी की आंकी जा रही है। तालाब खनन के दौरान गुप्तकालीन पात्र परंपरा के मृदभांड भी पाए गए हैं।

#### खनन के दौरान गुप्तकालीन मृदभांड

15 फरवरी को सोशल मीडिया में प्रसारित ग्राम कुम्हारी जिला रायपुर से खुदाई में दौरान नरसिंह की प्राचीन प्रतिमा मिलने की खबर के आधार पर संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने विभागीय अधिकारियों की टीम बनाकर प्राप्त प्रतिमा और उसके प्राप्ति स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उप संचालक डॉ. पीसी पारख के नेतृत्व में पुरातत्त्ववेत्ता प्रभात सिंह, उत्खनन सहायक प्रवीन तिर्की की टीम कुम्हारी पहुंची और मूर्ति एवं प्राप्ति स्थल का मुआयना किया। सरपंच तेजराम साहू ने अधिकारियों को बताया कि बस्ती के उत्तर में बघधरा नामक देवस्थल के पास स्थित भाठा जमीन पर ग्राम पंचायत द्वारा तालाब निर्माण के उद्देश्य से मनरेगा के तहत की जा रही खुदाई के दौरान यह मूर्ति प्राप्त हुई है, जिसे पंचायत भवन में रखा गया है। विभागीय टीम को उक्त स्थल के निरीक्षण के दौरान गुप्तकालीन पात्र परंपरा के मृदभांड भी देखने को मिला।

## कोरोना काल में भी बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने वाले शिक्षकों को मिली तारीफ

■ **बच्चो एवं शिक्षकों से चर्चा कर किया उत्साहवर्धन**

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवम साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव मनीष गर्ग द्वारा आज यहां राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल अवलोकन किया गया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया। श्री गर्ग ने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों एवं शिक्षकों से बात की। उन्होंने छात्रों से विषयों से संबंधित कई सवाल पूछे और उनकी जिज्ञासों का भी जवाब दिया। बच्चों की निर्भिकता, आत्माविश्वास और विषय की जानकारी से श्री गर्ग बेहद प्रभावित हुए। संयुक्त सचिव ने पूरे स्कूल की विभिन्न कक्षाओं, स्मार्ट क्लास, भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं, खेल कक्ष, पुस्तकालय तथा अन्य सुविधाएं और उपलब्ध संसाधनों सहित पूरे स्कूल परिसर का अवलोकन किया गया। श्री गर्ग ने राज्य सरकार द्वारा संचालित इस स्कूल और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना की तारीफ की। इस अवसर पर लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक सुनील जैन, डीएमसी केएस पटले, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य स्टाफ भी

उपस्थित थे।

संयुक्त सचिव श्री गर्ग ने स्कूल की प्रिंसिपल से कहा कि प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए भी एक पीरियड पुस्तकालय में दिया जाना चाहिए। उन्होंने बच्चों में कम्युनिकेशन क्षमता बढ़ाने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी जोर दिया। संयुक्त सचिव ने स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई की भी तारीफ की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में विद्यार्थियों के लिए क्विज के माध्यम से विषयों को आसानी से सरल रूप में पढ़ाने के अभिनव तरीके को भी सराहा। एक साथ कक्षा के सभी विद्यार्थियों के मुल्यांकन के लिए क्यु.आर कोड स्केनिंग तकनीक और सॉफ्टवेयर की भी श्री गर्ग ने तारीफ की। उन्होनें सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने, विषय की अच्छी समझ रखने और पढ़ाई के प्रति गंभीर भाव रखने की भी सलाह दी।

श्री गर्ग ने कोरोना काल में भी दूर-दराज के ग्रामीण ईलाकों में बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए नवाचार करने वाले शिक्षकों से बात कर उनके द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने मोहल्ला कक्षा ,अंगना में शिक्षा, पेटी वाली दीदी, नवा जतन, चित्र देखकर कहानी बनाओ सहित अन्य सभी गतिविधियों की तारीफ की। श्री गर्ग ने शिक्षकों की हौसला अफ्जाही की और कहा कि आपके द्वारा संचालित गतिविधि से कोरोना काल में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नही होना ही आपकी सफ्लता है।

उन्होंने कहा स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक-समाजिक स्तर पर भी कोरोना ने नकारात्मक प्रभाव डाले है, परंतु छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के नवाचारों ने बच्चों के सीखने की क्षमता बढ़ाई है। श्री गर्ग ने सभी शिक्षकों की तारीफकी और इसी तरह नवाचार की अपनी गतिविधियों को संचालित करते रहने के लिए शुभकामनाएं भी दी।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित

■ **मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता विकास संबंधी अभियान के क्रियान्वयन हेतु**

**रायपुर/नवप्रदेश।** जिले में कक्षा तीन तक के बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता विकास संबंधी अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिले स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर एवं प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र के परिपालन में समिति का गठन किया गया है।

समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, आयुक्त/मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहरीय स्थानीय स्वशासन, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सहायक आयुक्त, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा पदेन सदस्य होंगे। पी.एम.यू में कार्यरत सलाहकार, प्रारंभिक भाषा/गणित में कार्य कर रहे विभिन्न एन.जी.ओ के लीडर, प्राथमिक कक्षा के एफएल.एन में विशेषज्ञ शिक्षक भाषा/गणित एवं जिला नोडल अधिकारी एफएल.एन को सदस्य बनाया गया है।

जिला स्तरीय परियोजना प्रबन्धन इकाई के प्रमुख दायित्वों में पालकों, समुदाय, शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों एवं शैक्षिक प्रशासकों के माध्यम एफएल.एन के लक्ष्यों की जानकारी एवं उनकी प्राप्ति हेतु संवेदनशील बनाते हुए जागरूकता, सीखने-सीखाने की प्रक्रिया को रोचक एवं प्रभावी बनाते हुए प्रारंभिक भाषा एवं संख्यात्मकता विकास की दिशा में आवश्यक मार्गदर्शन एवं रणनीतियों का निर्धारण करते हुए भाषा एवं गणित को दैनिक जीवन के अनुभवों से जोड़ने, बच्चों के चारों ओर प्रिंट-रिच वातावरण की उपलब्धता, ग्रेडेड पठन सामग्री, स्थानीय कहानियों का संकलन, खेल-खिलौने, डिजिटल सामग्री का उपयोग कर नवीन शिक्षण विधियों के उपयोग को प्रोत्साहन देने तथा स्थानीय भाषा में शिक्षण हेतु सामग्री विकास एवं उपलब्धता, भाषाई सर्वे का आयोजन एवं शिक्षकों को स्थानीय भाषा शिक्षण के उपयोग हेतु संबेदनशील बनाते हुए उनका क्षमता विकास करना में शामिल है।

## अपने स्कूल की सुरक्षा और अपनी सुरक्षा के प्रति बच्चों को बनाए जागरूक: गर्ग

**रायपुर/नवप्रदेश।** अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज केंद्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के संयुक्त सचिव मनीष गर्ग राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बी.एड कॉलेज में चल रहे शाला सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने शाला सुरक्षा और व्यक्तिगत् सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए प्रशिक्षणार्थियों से बात की। श्री गर्ग ने इस प्रशिक्षण को विद्यालयों की सुरक्षाके साथ-साथ छात्रों और शिक्षकों को व्यक्तिगत् सुरक्षा के लिए भी जागरूक करने में महत्तवपूर्ण बताया। श्री गर्ग ने कहा कि बच्चों और शिक्षकों में स्कूल आने पर सुरक्षा का भाव पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल बनाता है। पालको भी अपने बच्चों के सुरक्षा के प्रति निश्चिंत होते है, जिससे स्कूलों में बच्चों की उपस्थिती भी बढ़ती है। श्री गर्ग ने जीवन सुरक्षा के साथ ही बच्चों को गुड और बेड टच बताने, स्वच्छता और हाईजिन के प्रति भी जागरूक करने की सलाह दी। उन्होंने हेंड वाशिंग के तरीकों के साथ-साथ कोरोना से बचने के लिए अपनायी जाने वाली सावधानियों को बताने के लिए भी उपस्थित शिक्षकों को कहा।

## पक्का आवास पाकर ग्राम चंडी के टंडन परिवार है बेहद खुश

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर जिला के अभनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चंडी के हितग्राही कल्याण टंडन एवं उसका परिवार बेहद खुश है। उन्होंने सरकार के प्रति अपना आभार वयक्त किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का निर्माण कर आवास की चॉबी उसके परिवार को सौंप दी गई है। वर्ष 2016-17 में जब हितग्राही कल्याण टण्डन पिता सुखऊ राम का प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत हुआ था। उस वक्त हितग्राही एवं उसकी पत्नि पर कानूनी प्रकरण दर्ज होने के कारण जिला कारावास रायपुर में 14 वर्षो की सजायाफ्ता पर ही थे। हितग्राही के परिवार में उनका एक मात्र 6 वर्षीय पुत्र अपने दादाजी के साथ ग्राम पंचायत चण्डी में कच्चे आवास पर निवासरत था। हितग्राही का भाई भी अपने परिवार के साथ निवासरत था, सत्र 2018-19 में अपूर्ण आवासों के निरीक्षण के दौरान आवास समन्वयक निवेदिता शुक्ला द्वारा हितग्राही के भाई जिनका स्वयं का प्रधानमंत्री आवास निर्माण हो रहा था को यह समझाइस दी गई कि अपने आवास के साथ अपने भाई कल्याण टण्डन का भी आवास पूर्ण करें

परन्तु उन्होने आपसी परिवारिक विवाद होने के कारण सहयोग नहीं किया जिसके उपरांत आवास समन्वयक निवेदिता शुक्ला द्वारा ग्रामवासियों एवं हितग्राही के भाई तथा सरपंच सचिव की बैठक की गई जिसमें उनके भाई को आवास निर्माण में सहयोग हेतु फि र से कहा गया परन्तु हितग्राही कल्याण टण्डन के आवास निर्माण हेतु उनके परिवार से कोई भी आगे नही आया। सत्र 2018-19 में राज्य कार्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त कर पुनः एक बार जिला एवं जनपद के अधिकारी, कर्मचारियों के प्रयास से जेल अधीक्षक से संपर्क कर हितग्राही कल्याण टण्डन की लिखित में आवास निर्माण हेतु सहमति पत्र लेकर संपूर्ण कानूनी दस्तावेज पूर्ण कर ग्राम पंचायत चण्डी को 25 जनवरी 2019 को कार्य एजेन्सी बनाकर आवास का निर्माण कराया गया। जो कि 31 मार्च 2019 को पूर्ण हुआ।

## बस्तर में खनिजों के अवैध परिवहन में 124 प्रकरण दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य में खनिजों के अवैध परिवहन के मामले में दोषियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। शासन के मंशा के अनुरूप खनिज विभाग के अधिकारियों की टीम खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए सघन जांच पड़ताल में जुटी हुई है।इस वर्ष अब तक 18.34 लाख रुपये के जुर्माने की वसूली राज्य बस्तर जिले में चालू वित्तीय वर्ष में अब तक खनिजों के अवैध परिवहन को 124 प्रकरण दर्ज कर 18 लाख 34 हजार 552 रूपए के अर्थदण्ड की वसूली की गई है, जिसमें रेत के अवैध परिवहन के 56 प्रकरण शामिल है। रेत के अवैध परिवहन के मामलों में 4 लाख 29 हजार 167 रूपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया है। बीते

वित्तीय वर्ष में बस्तर जिले में खनिजों के अवैध परिवहन के कुल 236 मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें 29 लाख 80 हजार 545 रूपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया था।

### खनिज विभाग की टीम लगातार कार्यवाही में जुटी

प्रभारी खनिज अधिकारी बस्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम लगातार कार्यवाही में जुटी है। खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत आसना, टोकापाल एवं बजावण्ड में इस साल कार्यवाही कर रेत के अवैध भण्डारण के दो मामले दर्ज किए और संबंधितों से 51 हजार 150 रूपए की अर्थदण्ड की वसूली की है।

बीते वित्तीय वर्ष में भी उक्त ग्राम पंचायतों में रेत के अवैध भंडारण के तीन मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें 22 हजार 260 रूपए का अर्थदण्ड वसूल किया गया था। बस्तर जिले में स्वीकृत 7 रेत खदानों से अब तक 14.60 लाख रूपए की रायल्टी प्राप्त हुई है। बीते वर्ष इन्हीं खदानों से 25.35 लाख रूपए की रायल्टी मिली थी। ग्राम पंचायत बनिया गांव में स्वीकृत रेत खदान से इस साल अब तक 7.10 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

**बयानबाजी** रामविचार नेताम झूठ बोल रहे छत्तीसगढ़ में कुपोषण से कोई मौत नहीं : मोहन मरकाम

# केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री कुपोषण से मौत से किया इंकार

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम के पत्रकारवार्ता मे प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि राज्यसभा सदस्य रामविचार नेताम झूठ बोल कर राजनीति कर रहे है। छत्तीसगढ़ में कुपोषण से किसी की मौत नहीं हुई है। ये केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में स्वीकार किया है। 2015-16 की अपेक्षा में नवजात एवं शिशु मृत्युदर में 23 एवं 18 प्रतिशत की कमी आई है। रमन सरकार के दौरान राज्य के 37.71 प्रतिशत बच्चे कुपोषित एवं 41 प्रतिशत महिलाये एनिमिया से पीड़ित थी। मुख्यमंत्री कुपोषण अभियान एवं मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान से कुपोषण एवं एनिमिया पीड़ितो की संख्या में भारी कमी आई है। कुपोषण एवं एनिमिया के मामले में 32 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है। सुपोषित बच्चों की संख्या में तीन साल में वृद्धि हुयी है। अधिनायकवादी मोदी सरकार में अपनी उपेक्षा के शिकार भाजपा के सांसद रामविचार नेताम अपने निकम्मेपन को छुपाने, मनगढ़ंत आंकड़े प्रस्तुत करके छत्तीसगढ़ में कुपोषण और बाल मृत्यु दर के संदर्भ में तथ्यहीन आरोप लगा रहे हैं। विदित हो कि 2014 से 2018 तक केंद्र और छत्तीसगढ़ दोनों जगह भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। उस दौरान के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में वर्ष 2015-16 में नवजात मृत्यु दर 42.1 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2020-21 में घटकर 32.4 हो गई, अर्थात भूपेश बघेल सरकार में छत्तीसगढ़ में नवजात मृत्यु दर में 23 प्रतिशत कमी दर्ज हुई है। इसी प्रकार शिशु मृत्युदर वर्ष 2015-16 में 54 प्रति हजार थी, जो घटकर 2020-21 में 44.3 पर आ गई है, इसमें भी 18 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। छत्थै के ही आंकड़ों में 5 वर्ष तक के बच्चों की मृत्यु दर जो वर्ष 2015-16 में 64.3 प्रतिहजार थी जो 2020-21 में 50.4 प्रतिहजार पर आ गई है, अर्थात 22 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह कुपोषण के आंकड़ों में रमन सरकार के दौरान 2012 से 2018 के 7 सालों में केवल 16 प्रतिशत सुधार आया था। जबकि वर्तमान भूपेश बघेल सरकार में केवल 2 वर्षों में 32 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से बाहर आए हैं जनवरी 2019 में चिन्हित 433541 कुपोषित बच्चों में से 140556 बच्चे मई 2021 तक कुपोषण से मुक्त हुए। पूरी दुनिया में सुपोषण अभियान के इससे बेहतर कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों के मुताबिक छत्तीसगढ़ में संस्थागत प्रसव में तेजी से बढ़ोतरी हुई है वर्ष 2015-16 में जहां 70.2 प्रतिशत था अब बढ़कर 85.7 प्रतिशत हो गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, रोजगार और आमजनता की समृद्धि के मामले में तेजी से स्थापित होते छत्तीसगढ़ मॉडल से डरे हुए भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनगढ़ंत आंकड़े प्रस्तुत करके केवल मीडिया में बने रहने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

# संपादकीय

## राजनैतिक रैलियों से रोक हटे

चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव में अब राजनीतिक दलों को खुले मैदान में 50 प्रतिशत क्षमता तक की भीड़ जुटाकर आम सभा करने की छूट दे दी है। यह बात समझ से परे है कि किसी खुले मैदान की आधी क्षमता का आंकलन कैसे किया जाएगा। इससे बेहतर तो यह है कि राजनीतिक दलों को भारी भीड़ जुटाने की ही इजाजत दे दी जाए और चुनाव अयोग ने कोरोनाकाल के चलते जो रोक लगाई है उसे हटा लिया जाए। वैसे भी राजनीतिक पार्टियां अपनी रैलियों में भारी भीड़ जुटाने की होड़ में लगी हुई है। चुनाव अयोग के निर्देशों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है और चुनाव आयोग ऐसी राजनीतिक पार्टियों के खिलाफ कार्यवाही करने में असमर्थ सिद्ध हो रहा है। उत्तर प्रदेश और पंजाब में भाजपा, कांग्रेस, समजावादी पार्टी और आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं की जनसभाओं में लाखों की संख्या में भीड़ जुट रही है। तमाम खबरिया चैनलों पर यह खबर लगातार दिखाई जा रही है इसके बावजूद चुनाव आयोग इस रैलियों में उमड़ती बेतहाशा भीड़ को लेकर राजनीतिक पार्टियों पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। अब जबकि देश में कोरोना की तीसरी लहर का असर कम होने लगा है और अनेक राज्यों में कोरोनाकाल के कारण लगाई गई पाबंदियां हटाई जा रही है, स्कूल कालेज खोले जा रहे है, सिनेमा घर, जिम और शॉपिंग मॉल आदि फिर से शुरू हो गए है और बाजारों में भी लोग बेखौफ होकर बगैर मास्क के भीड़ बढ़ा रहे है और समाजिक दूरी का भी ध्यान नहीं रख रहे है तो फिर राजनीतिक दलों की रैलियों पर ही पाबंदी क्यों लगाई जा रही है। खास तौर पर खुले मैदान में क्षमता से आधी भीड़ का आदेश तो मजाक ही है इसलिए अब जितने चरणों का मतदान बाकी रह गया है उसमें अब राजनीतिक पार्टियों को पूरी छूट दे देनी चाहिए क्योंकि पाबंदियों का वैसे भी कोई मतलब नहीं रह गया है। राजनीतिक पार्टियां चुनाव आयोग के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रही है। ऐसे में चुनाव आयोग हांस्य का पात्र बनकर रह गया है। उत्तर प्रदेश में तो पहले चरण के मतदान के पूर्व से ही राजनीतिक दलों में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने की प्रतिस्पर्धा चलती रही है जो अभी भी बदस्तूर जारी है। जनसंपर्क के दौरान भी नेता सैकड़ों की भीड़ लेकर खुलेअमा घूम रहे है और मास्क भी नहीं लगा रहे है। इन सब चीजों को मद्देनजर रखकर यही बेहतर होगा कि कोरोना के कारण लगाई गई तमाम बंदिशें हटा ली जाएं।

# विचार

## यूक्रेन में अभी भी असमंजस

यूक्रेन का माहौल अभी तक कुछ ऐसा बना हुआ है कि वहां क्या होनेवाला है, यह कोई भी निश्चित रुप से नहीं कह सकता। रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन ने यह घोषणा तो कर दी है कि वे अपनी कुछ फौजों को यूक्रेन-सीमांत से हटा रहे हैं लेकिन उनकी बात पर कोई विश्वास नहीं कर रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में पढ़ रहे अपने 20 हजार छात्रों को सलाह दी है कि वे कुछ दिनों के लिए भारत चले आएं। उधर 'नाटो' के महासचिव जेंस स्टोलनबर्ग ने रूसी फौजों की वापसी को अभी एक बयान भर बताया है। उन्होंने कहा है कि वे उनकी वापसी होते हुए देखेंगे, तभी पूतिन के बयान पर भरोसा करेंगे। पहले भी रूसी फौजी वापिस गए हैं लेकिन अभी की तरह वे अपने हथियार वहीं छोड़ जाते हैं ताकि दुबारा सीना ठोकने में उन्हें जरा भी देर न लगे। इसी मौके पर यूक्रेन की सरकार ने दावा किया है कि उनके रक्षा मंत्रालय और दो बैंकों पर कल जो साइबर हमला हुआ है, वह रूसियों ने ही करवाया है। पूतिन की घोषणा पर अमेरिका और कुछ नाटो सदस्यों को अभी भी भरोसा नहीं हो रहा है लेकिन रूसी सरकार के प्रवक्ता ने आधिकारिक घोषणा की है कि रूस का इरादा हमला करने का बिल्कुल नहीं है। वह सिर्फ एक बात चाहता है। वह यह कि यूक्रेन को नाटो में शामिल न किया जाए। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूक्रेन ने भी 2015 में एक समझौते के द्वारा सहमति जताई थी। रूसी फौजों के आक्रामक तेवरों से यूरोप में हड़कंप मचा हुआ है। पहले फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने पूतिन से बात की और अब जर्मनी के चांसलर ओलफ शोल्ज खुद पूतिन से मिलने मास्को गए। इसके पहले वे यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर राष्ट्रपति व्लोदीमीर झेलेंस्की से भी मिले। वे एक सच्चे मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे थे। इसमें उनका राष्ट्रहित निहित है, क्योंकि युद्ध छिड़ गया तो और कुछ हो या न हो, जर्मनी को रूसी तेल और गैस की सप्लाय बंद हो जाएगी। उसकी अर्थव्यवस्था घुटनों के बल बैठ जाएगी। ऐसा लगता है कि शोल्ज की कोशिशों का असर पूतिन पर हुआ जरुर है। शोल्ज ने पूतिन को आश्वस्त किया होगा कि वे यूक्रेन को नाटो में मिलाने से मना करेंगे। यों भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूतिन से चली अपनी बातचीत में भी कहा था कि नाटो की सदस्य-संख्या बढ़ाने का उनका कोई विचार नहीं है। और अमेरिकी सरकार ने यह भी साफ-साफ कहा था कि वह यूक्रेन में दूरमारक प्रक्षेपास्त्र तैनात नहीं करेगा। लंदन में यूक्रेन के राजदूत ने भी कहा है कि यूक्रेन अब नाटो में शामिल होने के इरादे को छोड़नेवाला है। राष्ट्रपति झेलेंस्की ने भी कहा है नाटो की सदस्यता उनके लिए ''एक सपने की तरह है।'' यूरोप, अमेरिका और रूस तीनों को पता है कि यदि यूक्रेन को लेकर युद्ध छिड़ गया तो वह द्वितीय महायुद्ध से भी अधिक भयंकर हो सकता है। ऐसी स्थिति में अब यह मामला थोड़ा ठंडा पड़ता दिखाई पड़ रहा है लेकिन रूसी संसद ने अभी एक प्रस्ताव पारित करके कहा है कि यूक्रेन के जिन इलाकों में अलगाव की मांग हो रही है, उन्हें रूस अपने साथ मिला ले। लगता है, रूस, कुल मिलाकर जबर्दस्त दबाव की कूटनीति कर रहा है।

# छत्तीसगढ़ का महामेला-राजिम माघी पुन्नी मेला

विजय मिश्रा 'अमित'

*छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध माघी पुन्नी मेलों में सर्वाधिक बड़ाऔर जनप्रिय मेला राजिम माघी पुन्नी मेला है।छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग पचास किलोमीटर की दूरी पर पक्के सड़क से संबद्ध राजिम 'धर्म नगरी' और 'छत्तीसगढ़ का प्रयाग' तथा 'शिव-वैष्णव धर्म का संगम' तीर्थ के नाम से भी ख्याति प्राप्त है।दरअसल प्रयागराज इलाहाबाद की भांति यहां पैरी,सोढ़ूर और महानदी का त्रिवेणी संगम है। प्रयाग के संगम की भांति यहां प्रदेशवासी अस्थि विसर्जन ,पिण्ड दान, कर्मकांड करते हैं। इस त्रिवेणी के तट पर ही प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक विशाल मेला भरता है।इस वर्ष 16 फरवरी से आरंभ होकर 1 मार्च अर्थात महाशिवरात्रि तक आयोजित मेले में आए संतजन और श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम स्नान हेतु निर्मित कुंड में सिकासेर जलाशय से जलापूर्ति की गई है।जिसमें 16 फरवरी माघ पूर्णिमा,23 फरवरी जानकी जयंती और 1 मार्च महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा शाही स्नान किया जावेगा।*

खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य छत्तीसगढ़ अति प्राचीन काल से मेला मड़ाईओं का भी गढ़ रहा है।यहां माघ माह की पूर्णिमा पर लगभग सभी प्रतिष्ठित शिवालयों में,नदी, तालाबों के तट पर मनमोहक मेले लगते हैं।जहां ग्रामीण जनों का रेला,जमावड़ाऔर उत्साह देखते ही बनता है।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध माघी पुन्नी मेलों में सर्वाधिक बड़ाऔर जनप्रिय मेला राजिम माघी पुन्नी मेला है।छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग पचास किलोमीटर की दूरी पर पक्के सड़क से संबद्ध राजिम 'धर्म नगरी' और 'छत्तीसगढ़ का प्रयाग' तथा 'शिव-वैष्णव धर्म का संगम' तीर्थ के नाम से भी ख्याति प्राप्त है।दरअसल प्रयागराज इलाहाबाद की भांति यहां पैरी,सोढ़ूर और महानदी का त्रिवेणी संगम है। प्रयाग के संगम की भांति यहां प्रदेशवासी अस्थि विसर्जन ,पिण्ड दान, कर्मकांड करते हैं।

इस त्रिवेणी के तट पर ही प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक विशाल मेला भरता है।इस वर्ष 16 फरवरी से आरंभ होकर 1 मार्च अर्थात महाशिवरात्रि तक आयोजित मेले में आए संतजन और श्रद्धालुओं के त्रिवेणी संगम स्नान हेतु निर्मित कुंड में सिकासेर जलाशय से जलापूर्ति की गई है।जिसमें 16 फरवरी माघ पूर्णिमा,23 फरवरी जानकी जयंती और 1 मार्च महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा शाही स्नान किया जावेगा।पुण्य स्नान उपरांत अनेक श्रद्धालुजन महानदी की रेत से शिवलिंग तैयार करके बेलपत्र,धतूरा,कनेर के फूल,नारियल से पूजा अर्चना करते है।पवित्र भावनाओं से प्रज्वलित अगरबत्ती और धूप की खुशबू से वातावरण सुगंधित हो उठता है।यह बंया करता है राजिम मेला महज़ मनोरंजनगाह नहीं है।

### वनवास काल में सीता जी ने किया शिवलिंग निर्माण

ऐसी धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ में 10 वर्ष बिताए थे।इसी वनवास काल में माता सीता ने राजिम में महानदी की रेत से शिवलिंग निर्मित कर आराधना की थी।उसी स्थल पर वर्षों पूर्व निर्मित कुलेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर जनाकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इसी तट पर प्रभु श्री राजीवलोचन का पुरातन भव्य मंदिर भी है।जिनका जन्मोत्सव माघ माह की पूर्णिमा को ही मनाया जाता है।धार्मिक मान्यता है इस दिन भगवान जगन्नाथ उड़ीसा से राजीवलोचन जन्मोत्सव मनाने राजिम आते हैं,जिसके कारण उड़ीसा स्थित जगन्नाथ मंदिर का पट बंद रहता है।मेला स्थल से कुछ दूरी पर स्थित चम्पारण में श्री महाप्रभु वल्लभाचार्य जी प्रकाट्य स्थल,लोमश ऋषि आश्रम,भक्त माता कर्मा,और अन्य देवालयों का दर्शन लाभ मेला भ्रमणार्थियों को सहज मिल जाता है।

छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी पुण्य सलिला महानदी के तट पर स्थित राजीवलोचन मंदिर से लगा स्थल सीताबाड़ी है।जिसमें मौर्यकालीन,14 वीं शताब्दी तथा सम्राट अशोक काल के मंदिर,सिक्के,मूर्तियां अनेक कलाकृतियां प्राप्त हुई हैं,जो कि वैभवशाली इतिहास की साक्षी हैं।

**माघी पुन्नी मेला स्थल से अनेक श्रद्धालुगण पंचकोशी परिक्रमा की शुरुआत करते हैं।यहां कुलेश्वर महादेव के दर्शनोंपरांत धर्मालुओं का जत्था हर-हर महादेव जपते पटेश्वर महादेव पटेवा, चम्पेश्वर महादेव चंपारण, फिंगेश्वर महादेव फिंगेश्वर और कोपेश्वर महादेव कोपरा के स्वयंभू शिवलिंग का दर्शन कर परिक्रमा पूरी करते हैं। ग्रामीण संस्कृति का संरक्षण और नवपीढ़ी तक परम्पराओं का संचार की द्रष्टि से यह बहुपयोगी है।**

### पंचकोशी परिक्रमा

माघी पुन्नी मेला स्थल से अनेक श्रद्धालुगण पंचकोशी परिक्रमा की शुरुआत करते हैं।यहां कुलेश्वर महादेव के दर्शनोंपरांत धर्मालुओं का जत्था हर-हर महादेव जपते पटेश्वर महादेव पटेवा, चम्पेश्वर महादेव चंपारण, फिंगेश्वर महादेव फिंगेश्वर और कोपेश्वर महादेव कोपरा के स्वयंभू शिवलिंग का दर्शन कर परिक्रमा पूरी करते हैं। ग्रामीण संस्कृति का संरक्षण और नवपीढ़ी तक परम्पराओं का संचार की द्रष्टि से यह बहुपयोगी है।

### मेले की रंगीन शाम कलाकारों के नाम

पखवाड़े भर मेला में आए दर्शनार्थियों को रंगीन रोशनी के साथ प्रतिष्ठित लोकमंचो की प्रस्तुति का आंनद मिलता है।जहां वे पंथी,पण्डवानी,करमा,सुवा, नाचा आदि लोकनृत्यों का लुत्फ उठाते हैं।मेला स्थल पर महानदी की पसरी रेत की चमक मेला के दौरान दमक उठती है। यहां सरकारी विभागों की प्रदर्शनी,खेल तमाशे,एवं साज श्रृंगार, पारम्परिक गहनों, खान-पान, के स्टाल ,विविध किस्म के झूलों का मजा लाखों दर्शकों के भीतर नवऊर्जा का संचार करता है।

### लक्ष्मण झूले की सौगात

सैकड़ों साल से भरते आए राजिम माघी पुन्नी मेला स्थल पर इस वर्ष पहली बार लक्ष्मण झूला का निर्माण किया गया है।नवनिर्मित झूले का लोकार्पण मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के करकमलों से होगा।रंग-बिरंगे चिताकर्षक लाइटों से सुसज्जित लक्ष्मण झूला, लेज़र शो आगंतुकों को मोहित करता है।साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखने की दिशा में जारी प्रयासों और अर्जित सफलताओं का साक्षी बन गया है।

### मदिरालय बंद : सराहनीय फैसला

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणानुरूप इस वर्ष मेला के दौरान राजिम सहित आसपास की देसी- विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।सरकार का यह सराहनीय निर्णय मेला के दौरान बेहतरीन कानून ब्यवस्था,साफ सफाई,शांत पारिवारिक-धार्मिक माहौल को बनाए रखने में कारगर है।साथ ही साथ आस्था, अध्यात्म और संस्कृति का त्रिवेणी संगम राजिम माघी पुन्नी मेला आयोजन को सार्थक कर रहा है।

# महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

रमेश सर्राफ

**रामकृष्ण परमहंस का जीवन और व्यक्तित्व रहस्यमयी रहा। उनकी जीवन-शैली और उनका व्यवहार अच्छे-अच्छों की भी समझ से बाहर का था। इतना अजीब था कि ज्यादातर लोग उन्हें पागल तक समझते थे। कुछ ने तो उनके दिमाग का इलाज कराने तक की कोशिश की। लेकिन ढाका के एक मानसिक चिकित्सक ने उनकी युवावस्था में ही एक बार कहा था कि असल में यह आदमी एक महान योगी और तपस्वी है। जिसे दुनिया अभी समझ नहीं पा रही है। और किसी चिकित्सकीय ज्ञान से उसका इलाज नहीं किया जा सकता है।**

स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारत के एक ऐसे महान संत एवं विचारक थे जिन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया था। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। श्री रामकृष्ण परमहंस अपने समय के महान साधक व मानवता के पुजारी थे। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही प्रसिद्ध ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता क्षुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की यह परम्परा प्रथा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।

अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध

के बावजूद इन्होने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस शुद्र स्त्री से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नही थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है।

रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हे अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष मे पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के पुण्यपीठ के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रुप में यथोपचार आराधना की। यही शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी से दीक्षा ग्रहण की। भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से वो लगातार साधना करते रहे तथा मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। वे रामकृष्ण के पास आये तथा उन्हे दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। वे समस्या जान गये कुछ दिनों बाद उन्होने रामकृष्ण को अपने पास बिठाकर साधना करायी। तोतापुरी को अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### सांसों के लिए

सांसों के लिए तड़पती छटपटाहती दम तोड़ती है कभी इंसान के तो कभी भगवान के पनाहों में इंसानियत अब तो एम्बुलेंस में हैं इंसानियत और इंसानों ने कर रखा हैं स्वार्थ में जानबूझकर ट्रैफिक जाम दूर बैठा किसके हाथों में हैं हम सब की डोर या भगवान के नाम पर मुर्ख बना रहा इंसान।

**- अर्पणा संत सिंह**

### जिंदगी के सबसे

जिंदगी के सबसे मीठे पल केसर होते हैं कभी कभी पड़ने वाले बेहद महीन रेशे हद खुशबूदार ज़रा से में घुल जाने वाले आधी उम्र ख़र्च कर ली तो कुछ मुट्ठी भर दिन हाथ लगे और कुछ लोग जो ज़हन में साबुत थे। सुनो! हमने किर्चियाँ बटोरी क्या?

**- कल्पना पाण्डेय**

ख़ास पाती

### यक़ीं है कि उसने भुलाया

यक़ीं है कि उसने भुलाया नहीं है यही सोच दिल को सताया नहीं है हुई ज़िंदगी आज तो मुख़्तलिफ़ सी मगर अश्क इक भी बहाया नहीं है कई लोग वाकिफ़ मेरी चुप्पियों से तुम्हें क्यों किसी ने बताया नहीं है हुई एक मुद्दत बिछुड़ के, मगर सुन तेरा नाम दिल से मिटाया नहीं है बुरा कह रहे हैं मुझे लोग, क्योंकि किसीसे कभी सच छुपाया नहीं है अभी से ये दिल हार माने भी कैसे जी भर के उसे तो मनाया नहीं है तुम्हें अपनी ग़ज़लों में जबसे है ढाला कोई और दिल तक तो आया नहीं है।

**- सुरेश अग्रवाल अधीर**

### रिश्तों में विश्वास जरूरी अपनेपन

रिश्तों में विश्वास जरूरी अपनेपन की बात जरूरी। जो वादों के नहीं हैं पक्के उनका है उपहास जरूरी। फल आने पर झुकती डाली। शोभित बाग से होता माली। गुण से ही पहचान संत की मृदुभाषी की बात निराली। सदा रहे जो अहम से भरा। भीतर मन विचलित व डरा। प्रकृति से वाचाल सदा जो, समझे स्वयं को सोना खरा। खोना पाना चलता रहता। जीव इसी में उलझा रहता। जीवन वही सार्थक जग में जो धारा सा निर्झर बहता।

**- दीपा गुप्ता**

### ध्यान प्रभू का नित करौ ध्यान

ध्यान प्रभू का नित करौ ध्यान धरौ निज कर्म । रोक सकै न पथ केहो, रवि परकाश कै सम ।। परमारथ न कर सकौ , न भय कछु अपराध । स्वारथ लय कछु कर्म करै, वा भई महा अपराध ।। कर का मनका फिराय के , जन मानस भ्रमित कराय । मन का मनका फेर कर जन हित ते करि जाय।

**- शीखा लाहीरी**

### प्रेम स्वयं मौन है प्रेम यथार्थ

प्रेम स्वयं मौन है प्रेम यथार्थ होते हुए भी ग़र मौन है तो प्रेम कभी स्वयं को परिभाषित नहीं कर सकता क्योंकि यथार्थ भी यही हर कोई इस प्रेम को जी नही सकता सकारात्मक सोच में प्रेम को जिया.नकरात्मक सोच ने प्रेम को धूल समझ उड़ाया. क्या फ़र्क़ पड़ा प्रेम धूल की तरह कहाँ और कैसे बिखरा कहाँ गया प्रेम तो प्रेम रहा तुमको छू कर, तुमसें निकल कर प्रेम आज स्वयं में मौन खड़ा। **-नंदिता तनूजा**

### तन्हाई में दर्द भी मुस्कुरा जायेगा , जब चंद्रमा अकेला आसमा

तन्हाई में दर्द भी मुस्कुरा जायेगा , जब चंद्रमा अकेला आसमा पर आ जायेगा , दिल की बेचैनियों को भी करार आ जायेगा , जब वो एक नज़र देख कर मुस्कुरा जायेगा ये पैर का छाला खिल कर फुल हो जायेगा, जब वो दो कदम चल कर करीब आ जायेगा, साँस थम जाएगी जी भी राहत पा जायेगा, जब वो मेरे रूह के करीब आ जायेगा, सांसे थमेंगी और दम निकल ही जायेगा, जब वो थामने मुझे बेहिचक आ जायेगा।

**- नमन कुमार मिश्रा**

### पड़ी जो उनपे नज़र तो अपनी ख़बर

पड़ी जो उनपे नज़र तो अपनी ख़बर गई गुंचे गुलाब से राहें रहबर संवर गई महके कुंतल केशर संदल देंह सखी तुम्हारी खुशबू हमारी रूह में उतर गई नजरबंद करते हैं नज़ारे क्या कहिए हजारों नजरें थीं पर उन्हीं पर नजर गई फूलों के मकरंद अधर धर मधुशाला अलहम्दुलिल्लाह शेख ताकते उमर गई इस धरा पर वसुंधरा नें प्रेम धरा मौन हुए हम हाथ फिसलती बहर गयी किस रंगरेज नें रंग डाला हम पर साधो दूर दूर तक तेरी मेरी खबर गई।

**-नरेंद्र पाण्डेय**

# QUIZ TIME

1) किस राज्य सरकार ने जानवरों के लिए भारत का पहला सरकार द्वारा संचालित एंबुलेंस नेटवर्क स्थापित करने का निर्णय लिया है?
2) फरवरी 2021 में किस केन्द्रीय संस्था/मंत्रालय द्वारा शहरी नवाचार एक्सचेंज लॉन्च किया गया?
3) 24 फरवरी 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस शहर में दर्शक क्षमता की दृष्टि से विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया?
4) मार्च 2021 में किस राज्य में किसान कल्याण मिशन के हिस्से के रूप में यूपीएफओ नामक एक शक्ति पोर्टल लॉन्च किया जो भारत में अपनी तरह की पहला पोर्टल है?
5) मई 2021 में किसे भारत की पहली महिला फ्लाइट टेस्ट इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) आंध्रप्रदेश (2) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (3) अहमदाबाद (4) उत्तरप्रदेश (5) आश्रिता वी ओलेटी

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1836- महान संत एवं विचारक रामकृष्ण परमहंस का पश्चिम बंगाल के हुगली में जन्म। 1905- शामजी कृष्णवर्मा ने लंदन में इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना की। 1911- डाक पहुंचाने के लिए पहली बार विमान का इस्तेमाल किया गया। 1927- प्रसिद्ध संगीतकार ख़य्याम का जन्म। 1930- खगोल वैज्ञानिक क्लाइड टॉमबा ने प्लूटो की खोज की। 1933- हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री निम्मी का जन्म। 1979- सहारा रेगिस्तान में हिमपात हुआ। 1998- सी. सुब्रह्मणयम को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 2007- दिल्ली से लाहौर जा रही समझौता एक्सप्रेस में बम विस्फोट से 68 लोगों की मौत। 2008- पाकिस्तान में बरसों के सैनिक शासन के बाद हुए चुनाव में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की 120 सीट पर जीत। 2014- आंध्र प्रदेश का विभाजन करके तेलंगाना के रूप में देश के 29वें राज्य की स्थापना का प्रस्ताव लोकसभा में पारित हुआ।

# विस चुनाव को लेकर युवा अभी से कमर कस लें : कैलाश

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक नगर के सिविल लाइन स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित की गई थी। जिला कार्यसमिति की बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। भाजयुमो जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी संदीप शर्मा ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है, संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्य करें। पार्टी की रीति-नीति और केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ताओं से कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को लेकर जन-जन तक जाएं। इस दौरान शर्मा ने पार्टी हित में किए कार्यो को साझा करते हुए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी कैलाश चंद्रवंशी ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से कमर कस लें। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि यह तानाशाही सरकार है। भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी 15 वर्षो तक सत्ता में रही, लेकिन कभी भी ऐसा कार्य नहीं किया। राज्य की कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई है। जिसे आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकना है। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने हिस्से की 40 प्रतिशत राशि नहीं दे पाई और न्याय योजना के तहत साल में 6 हजार रुपए देकर अपनी वाहवाही लूट रही है। भाजयुमो जिला प्रभारी रोहित महेश्वरी ने अपने सम्बोधन में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी ने जो दायित्व सौंपे हैं, उन्हें जवाबदारी के साथ अच्छे से निर्वहन करें। संगठन को मजूबत बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन की प्राथमिकता जरूरी है। पार्टी के लिए आज युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को परिश्रम करने का मौका मिला है। क्षेत्रीय समस्याओं को जोरों से उठाए। कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की नाकामियों के खिलाफ मोर्चा खोले। जिला कार्यसमिति की बैठक को भाजयुमो जिला सह प्रभारी डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी, राहुल परिहार ने भी सम्बोधित किया। वहीं भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख विकास साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदिनी नेताम, नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष तोरण सागर, भाजयुमो महामंत्री युगल किशोर समदरिया, थानेश्वर कंवर, कोषाध्यक्ष वंशगोपाल सिन्हा, जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष साहू, जिला मंत्री प्रतीक तिवारी, घनश्याम मरकाम, रितेश यादव, दीपक तिवारी, मंडल अध्यक्षद्वय आनंद ठाकुर, आकाश सिंह राजपूत, महेश कश्यप, गुलशन सिन्हा, जगमोहन पटेल, पेकूराम नायक, राज ड़े, विशाल साहू, उमेश मानिकपुरी, हेमंत साहू, कीर्तन यादव, रूपदास मरकाम सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को मिला मनरेगा में रोजगार और साथ में मिला सिंचाई का नया साधन

**कवर्धा/नवप्रदेश।** ग्रामीण क्षेत्र में हर हाथ को काम देना, ग्रामीणों को सुविधा संपन्न बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे परिसंपत्तियों का निर्माण करना जो आजीविका का साधन बने तथा प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए भू-जल स्तर में वृद्धि कर जल संरक्षण करना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य के लिए पानी की उपलब्धता महत्वपूर्ण विषय रहा है। ऐसे ही 12 वर्षो के लंबे इंतजार की कहानी है पंडरिया विकासखंड के ग्रामपंचायत मुनमुना के आश्रित ग्राम सैगोना में महात्मा गांधी नरेगा योजना से हुए फीडर नाली निर्माण तथा नहर नाली एवं स्टॉप डेम के मरम्मत कार्य की। कुल 2030 मीटर के नहर में 1300 सौ मीटर नई नहर का निर्माण किया जा रहा है, वही 1730 मीटर पुराने अनुपयोगी नहरे का मरम्मत कार्य हो रहा है जो ग्राम सैगोना स्टॉप डेम से केशली खार तक है। यह कार्य महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत 19.89 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया जिसमें 12 लाख रुपए मजदूरी पर एवं 7 लाख 89 हजार रुपए सामग्री पर व्यय किया जाना प्रस्तावित है। चालू वित्त वर्ष में स्वीकृत इस कार्य से सैगोना, बिरकोना एवं केशली ग्राम पंचायत के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। इस कार्य से 120 हेक्टेयर कृषि भूमि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा जिससे 650 से अधिक की जनसंख्या को कृषिक कार्यो के लिए पानी की सुविधा मिलेगा। मुनमुना गांव में नहर बनाने के लिए ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग रही है जिससे कि पानी की उपलब्धता हो सके।

## एक ही दिन में 16 हजार से अधिक लोगों को लगा कोरोना टीका

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर चन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों को प्रथम एवं द्वितीय डोज का कोविड-19 टीकाकरण के उद्देश्य से बुधवार को महाअभियान चलाया गया जिसमें सायं 06 बजे तक 16 हजार से अधिक लोगों को टीकाकरण किया गया। अंतागढ़ विकासखण्ड में 4732, भानुप्रतापपुर में 2319, चारामा में 1839, दुर्गूकोंदल में 656, कांकेर विकासखण्ड में 2816, कोयलीबेड़ा 1248 और नरहरपुर विकासखण्ड में 2502 लोगों को टीकाकरण किया गया। उक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में 629 टीकाकरण टीम बनाये गये थे। विकासखण्ड अंतागढ़ में 88 दल, भानुप्रतापपुर में 119, चारामा में 100, दुर्गूकोंदल में 63, कांकेर में 90, कोयलीबेड़ा में 47 तथा नरहरपुर में 122 टीकाकरण दल बनाया गया। इस टीम के साथ कोविड-19 टीकाकरण का कार्य करने के लिए जिले में 2487 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई, जिसके तहत् विकासखण्ड अंतागढ़ में 1112, भानुप्रतापपुर में 301, चारामा में 175, दुर्गूकोंदल में 210, कांकेर में 135, कोयलीबेड़ा में 104 तथा नरहरपुर में 450 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाया गया था।

## एचआईव्ही संक्रमितों के प्रति रखे अनुकूल व्यवहार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के सहयोग से जन कल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के अंतर्गत परियोजना कार्यालय में छग पीएलएचआईव्ही नेटवर्क, विहान परियोजना के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी के परिचय से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों द्वारा नाम, पता, कार्यक्षेत्र व अनुभव की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम सत्र का शुभारंभ करते हुए विहान परियोजना के कार्यक्रम समन्वयक सतीश रंगारी द्वारा विहान परियोजना के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। परियोजना एचआईव्ही संक्रमित के ऊपर कार्य करती है, जैसे एचआईव्ही संक्रमित के साथ समाज में अनुकुल व्यवहार हो। जिस प्रकार सामान्य व्यक्तियों को जीवन जीने का अधिकार है,
उसी प्रकार एचआईव्ही संक्रमित व्यक्ति को भी समाज में अन्य व्यक्तियों की तरह समान रूप से जीने का अधिकार है। एचआईव्ही पॉजीटिव व्यक्तियों के लिए शासन के द्वारा अनेक प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जैसे बस पास योजना, नोनी सुरक्षा योजना, एचआईव्ही संक्रमित बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, ई-श्रम कार्ड योजना, पेंशन योजना इत्यादि योजनाएं है जिनका लाभ लिया जा सकता है। एचआईव्ही संक्रमित के प्रति भेदभाव करना एक दण्डनीय अपराध है। यदि कोई व्यक्ति किसी एचआईव्ही संक्रमित व्यक्ति के साथ भेदभाव करता है तो उसे कारावास व आर्थिक दण्ड की सजा हो सकती है।

## प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 फरवरी

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रसाय आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए कक्षा 9वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि 25 फरवरी है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी की जा रही है। इसमें मेरिट क्रम में समान अंक होने पर जन्म तिथि की वरिष्ठता के आधार पर विद्यार्थियों की सूची तैयार की गई है। यह सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। इसकी जानकारी विद्यार्थी एवं पालकों को डाक, वेबसाइट, विद्यालयों और समाचार पत्रों के माध्यम से दी जाएगी। विभाग द्वारा इस संबंध में पालकों और विद्यार्थियों से कहा है कि वे प्रवेश के संबंध में संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यो के मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर उनके निर्देशानुसार समस्त अभिलेख के साथ विद्यालय में प्रवेश के लिए उपस्थित हों।

## माता-पिता और गुरुजनों को भारतीय संस्कृति में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त : योगेश

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** किसान नेता योगेश तिवारी ने पाश्चात्य संस्कृति के त्योहार वैलेंटाइन डे के स्थान पर 14 फ रवरी को गृहग्राम नेवनारा के निवास में मूकबधिर बच्चों के साथ मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। यहां बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। किसान नेता अपने पूरे परिवार के साथ दिन भर इन बच्चों के बीच गुजारा। इस दौरान सभी बच्चें काफी खुश दिखें और दिन भर खूब मस्ती की। अंत में सभी बच्चों को किसान नेता ने अपनी ओर से उपहार दिया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठें, क्योंकि आम लोगों की तरह इनका जीवन सहज और सरल नहीं होता, इन्हें हर स्तर पर कठिनाई और संघर्षो का सामना करना पड़ता हैं। इसलिए किसान नेता ने कहा कि इन बच्चों को थोड़ी भी खुशी दे सकें तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात हैं। पाश्चात्य कल्चर के दुष्प्रभाव का शिकार होकर बच्चे अपने माता-पिता का कर रहें अनादर-किसान नेता ने कहा कि माता पिता और गुरुजनों को भारतीय संस्कृति में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। हमारी संस्कृति की सीख है मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव, माता पिता एवं गुरु की सेवा करने वाला स्वयं चीर आदरणीय बन जाता हैं। लेकिन आज पाश्चात्य कल्चर के दुष्प्रभाव का शिकार होकर बच्चों का अपने माता पिता के प्रति आदर भाव व गौरव कम होता जा रहा है। उनके कोमल चित्त पर सुसंस्कारों की खेती ना होकर कुसंस्कारों के कंटक वन खड़े हो रहे हैं।

### दिव्यांगों का संघर्ष आमजनों के लिए प्रेरणादायी

किसान नेता ने कहा कि दिव्यांगों में ईश्वर को खोजते हैं। दिव्यांग आम इंसान से किसी भी मामले में कम नहीं हैं। हर दिव्यांग की अपनी एक खूबी होती है, जो लोगों को अपनी और आकर्षित करती हैं। दिव्यांग काफी ण्णमों का शिकार होना पड़ रहा है। संघर्ष और कठिनाइयों के बाद मुकाम को हासिल करते हैं, जो आम जनों के लिए प्रेरणादायक हैं। इस आयोजन में कोपलवानी ब्लाइंड स्कूल के बच्चों के साथ संस्थापक कुंदन ठाकुर, मनाली बहन, विमला तिवारी, कल्पना तिवारी, नमाज सिन्हा, अंतुल निषाद, अभिषेक शर्मा, दिवंयाश, सुमीत निषाद, मनोज बंजारे, परदेशी यादव, वेद सिंग, हरीश वर्मा, विक्की साहू आदि उपस्थित थे।

## पुसेरा में किया ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा/नवप्रदेश।** मंत्रालय भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग और चाईल्ड लाईन इंडिया फ ॉउंडेशन के सहयोग से आस्था समिति क्रियान्वित चाईल्ड लाईन परियोजना 1098 के द्वारा कलेक्टर रमेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह के मार्गदर्शन एवं मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और दौलत राम कश्यप अध्यक्ष आस्था समिति के निर्देशानुसार चंद्रकांत यादव केन्द्र समन्वयक के नेतृत्व में 15 फ रवरी को ग्राम पंचायत पुसेरा थाना पंडरिया, विकासखण्ड पंडरिया में बच्चों कि सुरक्षा के लिए ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सेल निरीक्षक रमा कोष्ठी के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, पुलिस विभाग द्वारा बनाये गए अभिव्यक्ति ऐप के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने अभिव्यक्ति ऐप को डाउनलोड करना, उसका इस्तेमाल करना सिखाया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए निः शुल्क 1098 हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके मदद प्राप्त कर सकते हैं।

## शक्ति पम्पस् ने लॉन्च किया 4-इंच प्लग एंड प्ले सबमर्सिबल पंप

**नई दिल्ली।** ऊर्जा कुशल पंपों और मोटर्स के भारत के अग्रणी निर्माता शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड ने 4- इंच प्लग एंडप्ले सबमर्सिबल पम्पस् के लॉन्च के साथ अपने उत्पाद पोर्टफ ोलियो में एक और अभिनव समाधान जोड़ा है। कम परिचालन लागत के साथ उच्च दक्षता प्राप्त इस पंप को इस तरह डिजाईन किया गया है जिसका संचालन बिना कंट्रोल बॉक्स के किया जा सकता है। पम्पस् की 2- वायर मोटर एक इंटीग्रल वायर मोटर है जो ग्राहकों को ओवर लोड और अंडर-वोल्टेज संचालन में सुरक्षा प्रदान करती है।4-इंच प्लग एंडप्ले सबमर्सिबल पंप को 1HP, 1.5HP, 2HP और 3HP की रेंज में मार्केट में उपलब्ध किया गया है। यह उत्पाद कूलिंग जैकेट के साथ 100 मिमी (4 इंच) या बड़े बोरवेल के लिए बनाया गया है; 4-इंच प्लग एंडप्ले सबमर्सिबल पंप में उपयोग की जाने वाली मोटर्स प्री-लोडेड एवं प्री-टेस्टेड है और साथ ही अभी ऑफर में केबल मुफ्त दी जा रही हैं।भारत की सिंचाई और पंपिंग आवश्यकताओं की व्यापक समझ के साथ शक्ति पंप्स को नए युग के उत्पादों के चल रहे अनुसंधान और विकास में निवेश किया है। बिजली और सौर ऊर्जा संचालित पंपों के साथ, शक्ति पंप घरेलू और वैश्विक बाजारों में सबसे बड़ा और सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड है।

## फेमिना मिस इंडिया 2022 ने डिजिटल ऑडिशन की मेजबानी के लिये मौज ऐप के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया ने भारत के नंबर वन शॉर्ट वीडियो ऐप मौज के साथ साझेदारी की है। उन्होंने इच्छुकों को अपना टैलेंट दिखाने के लिये एक डिजिटल प्लेटफॉर्म देने और उन्हें एक प्रतिष्ठित कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने के लिये यह साझेदारी की है। राज्य के प्रतिनिधि का चयन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के जरिये केवल मौज ऐप के माध्यम से एक खास ऑडिशन वीडियो टास्क जमा करने पर होगा। ब्यूटी एम्बेसडर की तलाश में, मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन, डिजिटल क्षेत्र में अपनी तलाश का काम कर रहा है। विविधतापूर्ण फॉर्मेट से लैस, वीएलसीसी की प्रस्तुति, फेमिना मिस इंडिया 2022 की सोच युवाओं को सशक्त बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे बेहतरीन भारतीय प्रतिभा को पेश करने से जुड़ी है। दूसरी बार अपनेवर्चुअल फॉर्मेट में इस खिताब ने पूरे देशभर में 28 राज्यों के अलावा दिल्ली, जम्मू एवं कश्मीर जैसे केंद्रशासित प्रदेशों से सामूहिक प्रतिनिधित्व के लिये तलाश शुरू की है, जोकि 14 फरवरी 2022 से प्रभावी है। कुल 31 फानइलिस्ट को चुना जा रहा है। हिस्सा लेने के लिये हर आवेदक को मौज ऐप डाउलोड करना होगा, एक प्रोफाइल बनानी होगी और तीन ऑडिशन वीडियो अपलोड करने होंगे, जिसके अंतर्गत परिचय, टैलेंट का प्रदर्शन और एक रैम्पवॉक शामिल है।

## वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने लगाई जनचौपाल, लोगों की सुनी समस्याएं

**कवर्धा/नवप्रदेश।** प्रदेश के परिवहन व वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के ग्राम भालूचुआ पहुंच कर वहां के ग्रामीणजनों से भेंट-मुलाकात की। श्री अकबर ने जनचौपाल लगाकर वहां के ग्रामीणों की व्यक्तिगत व सामुहिक समस्याओं, मांगों से रूबरू हुए। उन्होने कहा कि पूरे कवर्धा क्षेत्र के साथ-साथ इस भालुचुआ गांव से मेरा बरसों पुराना नाता रहा है। उन्होने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पुरानी यादें भी साझा किए। उन्होने कहा कि इस गांव से मुझे पूरा सहयोग मिलते आया है। ग्रामीणों ने श्री अकबर से गांव में अपने सुख-दुख के कामों के लिए सामुदायिक भवन, पानी निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण की मांग की। गांव के वरिष्ट नागरिक दुलाखन दास गेंड्रे ने अवगत कराते हुए कहा कि इस गांव में पानी निकासी की बहुत बड़ी समस्या है। इससे पहले भी गांव में जो भी जनप्रतिनिधि आते थे, यही मांग करते थे, लेकिन आज तक वह मांग पूरी नहीं हुई है। गांव के सरपंच श्री कामदास गेंड्रे ने भी गांव के समुचित विकास के लिए यही मांग दोहराई। मंत्री ने ग्रामीणों से लंबी चर्चा करते हुए सभी की मांगों को ध्यान से सुना। उन्होंने कहा कि गांव के समुचित विकास के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे। गांव के विकास के लिए जो भी मांग व समस्याएं अभी आवेदन के माध्यम से प्राप्त हुए है उन सभी आवेदनों का परीक्षण कराएंगे। अगर किसी ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन दिए है तो, अगर पात्रता में आते है तो उन्हे योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर नीलकंठ चन्द्रवंशी, पिताम्बर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, बोड़ला जनपद पंचायत अध्यक्ष अमिता प्रभाती मरकाम, उपाध्यक्ष सनत जयसवाल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार पटेल, कलीमखान, अशोक सिंह, गोरेलाल चंद्रवंशी व ग्रामवासवी प्रेम लहरे, लाला कुर्रे, मनीराम कुर्रे, धनीराम गेड्रे, कृष्णा लहरे, परमेश्वर लहरे, रमेश गेन्ड्रे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## लायंस रीजन चेयरपर्सन का प्रवास एवं जोन मीट संपन्न

**बेमेतरा।** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के रीजन 11 'प्रेरणा' के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन रिपुदमन सिंह पुसरी 16 फरवरी को आधिकारिक यात्रा पर बेमेतरा आए। साथ ही शाम को जोन 33 ÷सुगंधा÷ का द्वितीय मिलन भी गुरुकृपा भवन में संपन्न हुआ। द्वीप प्रज्ज्वलन और लायंस ध्वज वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रीजन चेयरपर्सन पुसरी एवं ज़ोन चेयरपर्सन सुरेन्द्र छाबड़ा के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में रीजन सचिव जेएस ठाकुर, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रंजना क्षेत्रपाल, रीजन सलाहकार द्वय प्रेमसिंह सलूजा एवं प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, लायंस क्लब रायपुर ग्रेटर के अध्यक्ष राजेश सक्सेना, लायंस क्लब कवर्धा अध्यक्ष नीरज मंजीत छाबड़ा तथा स्थानीय क्लब सचिव डा. विनय ताम्रकार मंच पर विराजमान हुए। सभा का संचालन लायन रश्मि ताम्रकार ने किया। जोन चेयरपर्सन के स्वागत भाषण के बाद कवर्धा, रायपुर और बेमेतरा के क्लब्स के पदाधिकारियों ने पिछले चार महीनों के सेवाकार्यो का ब्यौरा दिया।

## मोदी नेचुरल्स लिमिटेड : छग में ग्रीनफील्ड इथेनॉल डिस्टिलरी के लिए भूमि पूजन

**रायपुर/नवप्रदेश।** मोदी नेचुरल्स लिमिटेड ने हाल ही में छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपने ग्रीनफ ील्ड इथेनॉल डिस्टिलरी का भूमि पूजन किया। कंपनी रायपुर में एक अत्याधुनिक डिस्टिलरी स्थापित कर रही है, जिसमें 6 मेगावाट का कोजेनरेशन पावर प्लांट है और इसकी उत्पादन क्षमता 210 केएलडी है।

इस प्लांट को स्थापित करने के लिए, मोदी नेचुरल्स लिमिटेड ने 'मोदी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड' (एमबीपीएल) के नाम से एक 100 प्रतिशत सब्सिडियरी (पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी) बनायी है। एमबीपीएल को इथेनॉल बनाने के लिए केंद्र सरकार से 210 केएलडी उत्पादन क्षमता की डिस्टिलरी की सैद्धांतिक मंजूरी मिली है और इसके लिए कंपनी ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इसके अलावा, कंपनी को पहले ही पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) से परियोजना के लिए पर्यावरण मंजूरी (ईसी) मिल चुकी है।

### 2 वर्षों में दो सौ करोड़ से ज्यादा के निवेश की उम्मीद

इस परियोजना के लिए अगले दो वर्षों में लगभग 250 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है, जिसमें 110 केएलडी के पहले चरण में 160 करोड़ रुपये के निवेश होगा और इसे वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में पूरा कर लिया जाएगा। यह परियोजना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक 20% ब्लेंडिंग के लक्ष्य के साथ इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के दृष्टिकोण और रोडमैप के अनुरूप भी है।

### इथेनॉल इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने में सहायक

इस घोषणा के अवसर पर, मोदी नेचुरल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, अक्षय मोदी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण विकास भारत के इथेनॉल इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने के मामले में सहायक है। इस नए इथेनॉल प्लांट के साथ, हम वाहन उत्सर्जन, वायु-गुणवत्ता में सुधार, उपभोक्ता ईंधन की कम कीमतों, क्षतिग्रस्त खाद्यान्न के उपयोग, किसानों की आय में वृद्धि, रोजगार सृजन और अधिक निवेश के अवसरों से संबंधित गंभीर चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम होंगे।

एमबीपीएल और इसकी मूल कंपनी के पास व्यवसायों और परियोजनाओं की विस्तृत रेंज के प्रबंधन का चार दशकों से अधिक का अनुभव और समझ है। इथेनॉल परियोजना के निर्माण और इसे चालू करने के लिए, कंपनी ने सलाहकारों, प्लांट सप्लायर्स और इन-हाउस टीम के रूप में उद्योग के विशेषज्ञों को अपने बोर्ड में शामिल किया है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत 2026 तक अमेरिका और ब्राजील के बाद दुनिया में इथेनॉल का तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। इस संबंध में कुछ संचालक कारकों में सरकारी नीतियां, समग्र परिवहन ईंधन की मांग, लागत और विशिष्ट नीति डिजाइन आदि शामिल हैं।

# खाने के साथ कपड़े और दवाईयां मुहैया करा रही कार्डिनल रोटी बैंक

## ■ कोरोना की दूसरी लहर में कोई भूखा न रहे' अभियान से हुई थी शुरुआत

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में पहले के मुकाबले अधिक लोग अधिक संक्रमित हुए पर कड़ाई पिछले दफे जैसी नहीं थी। फिर भी संक्रमण के मद्देनजर लोग एहतियात बरत रहे थे और ऐसे में उन तक निःशुल्क दवा-खाना पहुंचाने का काम कार्डिनल चार्जर्स के रोटी बैंक और इसके वॉलिंटियर्स ने किया। कोरोना संक्रमण की रफ़्तार कम होने के बाद भी रोटी बैंक का काम सतत जारी है और औसतन 400-450 लोगों को भोजन और इनमें से कइयों को कपड़े और दवाईयां भी संगठन द्वारा पहुंचाई जा रही है रोटी बैंक वॉलंटियर्स के नंबर लोगों के पास सेव हैं 7 अब उनके पास बचे खाने को जरूरतमंदो में बांटने के लिए करीब-करीब रोज फोन आते हैं। वॉलंटियर्स भी ऐसे ज़रूरतमंदों लोगों की सहायता के लिए के लिए तत्काल मौजूद हो जाते हैं। रोटी बैंक कहता हैं कि इतना लो थाली में कि व्यर्थ न जाए नाली में। यह नारा शहरवासियों की जुबां पर चढ़ चुका है। शहर के मोहन यादव बताते हैं कि उनकी माता की तेरहवीं थी कई लोगों को खाने पर बुलाया था लेकिन रोटी बैंक के लिए 100 लोगों का खाना अलग से बनवाया था। क्योंकि यह खाना उन लोगों को मिलता जिन्हें सही में खाने की जरूरत थी। मुझे बड़ा सुकून मिला। हम खाना दे सकते हैं पर रोटी बैंक उसे सही लोगों तक पहुंचाता है।

विदित हो कि यह वही कार्डिनल चार्जर्स है जो कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रही थी। खुद के खर्चे पर कोई भूखा न रहे मुहिम शुरू की, बाद में लोग जुड़ते गए और 52 दिन इन लोगों ने हर दिन 400 से अधिक लोगों को उन तक खाना पहुंचा कर दिया। कोरोना संक्रमण से बचाव के सारे एहतियात बरतते हुए इसके वॉलंटियर्स ने दोनों ही लहर में समाज सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। यही कारण है कि सेवा के दौरान कोई भी वॉलिंटियर पॉजिटिव नहीं आया।

### रोटी बैंक से स्वास्थ्य की अलख :

कार्डिनल चार्जर्स के सदस्य यश पटेल का कहना है कि लॉकडाउन में सब कुछ बंद था तो अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तिमारदार व अन्य वंचित तबकों के लोगों में से कोई इसलिए हमनें मुहिम शुरू की थी। इस शुरुआत को लोगों का भरपूर समर्थन मिला और हमारा हौसला बढ़ा। लोग हमसे जुड़ते गए। लॉकडाउन खत्म हुआ और जिंदगी फिर से पटरी पर आ गई। लेकिन अभी भी कई ऐसे लोग हैं जो किसी न किसी कारणवश रात में भूखे सोते हैं तो ऐसे लोगों तक एक समय का भरपेट भोजन उन तक मुहैया करना ही रोटी बैंक है। हमने लोगों से अपील की है कि आपके यहां कोई आयोजन हो और यदि खाना बच जाए तो हमें सूचित करें हम इसी बचे खाने को लोगों में वितरित करते हैं। लोग हमारा साथ दे रहे हैं और हमारी कोशिश रहती है कि हम हर दिन लोगों तक पहुंचे। अब लोग जन्मदिन-पुण्यतिथि-तेरहवी में विशेषरूप से हमारे लिए खाना बनवाते हैं और हमें बांटने के लिए देते हैं।

### रोटी बैंक खाना तक ही सीमित नहीं है

जरूरतमंद लोगों में कपड़ा-चादर-कंबल के साथ दवा भी बांटती है। कपड़ा लोगों का ही इस्तेमाल किया पर अच्छी हालत में रहता है। दवा भी ऐसी कि जिसे जैसी जरूरत होती है, हम डॉक्टरी सलाह से उसे देते हैं। उसके इलाज में सहायता करते हैं अधिकतर मामले में हम उन्हें जिला अस्तपाल में भर्ती कराते हैं। हमारा काम खाना बांटना है पर उन्हें खाना दे-देकर एक आत्मीय संबंध बन गया है और अब वह लोग हमसे अपनी बात साझा करते हैं। अच्छी बात यह है कि रोटी के सहारे ही सही पर अब वह अपनी स्वास्थ्यगत समस्या के बारे में बात तो कर रहे हैं।

### कार्डिनल नशामुक्ति से समाजसेवा तक

कार्डिनल चार्जर्स के विशाल चंद्रा की मानें तो कार्डिनल क्लब शहर के ऐसे युवाओं का समूह है जिसमें ज्यादातर सदस्य कामकाजी युवा हैं जो काम के बाद अपने बचे समय में समाज सेवा करते हैं। इसके अलावा ग्रुप में छात्र भी हैं। कार्डिनल क्लब शुरू में युवाओं को नशा से दूर रखने और उन्हें खेल से जोड़ने के लिए बना था क्योंकि शहर में टीनएजर्स जल्द ही नशे की ओर आकर्षित होते हैं और फिर जीवनभर नहीं निकल पाते। सालभर कार्डिनल क्लब के युवा जिम, क्रिकेट, फु टबाल जैसे खेल सुबह के समय खेलते हैं। धीरे-धीरे हम क्रिकेट टूर्नामेंट कराने लगे। ग्रुप के युवाओं ने प्रबंधन का गुर सीखा। फिर कोविड के समय में सभी ने एकमत से निर्णय लिया कि लोगों के लिए कुछ करना है। पहले कोई भूखा न रहे और फिर इतना लो थाली में कि व्यर्थ न जाए थाली में जैसी थीम हमने आत्मसात की। अब हम अपना विस्तार कर रहे हैं और लोगों की मदद हमें मिल रही है। हमारे इरादे नेक हैं और हमसे जुड़े लोग निःस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। हम अपना खुद का खाना बनाने का सेट-अप तैयार कर रहे हैं ताकि जरूरत पड़ने पर हम खुद ही खाना बना सकें और इसके लोगों की मदद की जररूत है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च को

**रायगढ़/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 12 मार्च 2022 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, श्रम सम्बन्धी मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों के अलावा पानी एवं विद्युत बकाया तथा बैंक रिकव्हरी के प्रीलिटिगेशन वाद राजीनामा हेतु रखे जायेंगे। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे।यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली 12 मार्च 2022 की लोक अदालत में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ से व्यक्तिगत रूप से एवं फोन नम्बर 07762-299190 में संपर्क कर सकते है।

## संयुक्त सचिव ने करतला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**कोरबा/नवप्रदेश।** संयुक्त सचिव रघुराज माधव राजेंद्रन ने करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी करतला के निरीक्षण के दौरान मरीजों के लिये उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई और ईलाज के लिये व्यवस्थित प्रक्रियाओं का भी अवलोकन किया। श्री राजेंद्रन ने स्वास्थ्य केन्द्र में संचालित सुपोषण पुनर्वास केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कराकर उनका ईलाज करने के निर्देश भी दिये। संयुक्त सचिव ने एनआरसी में भर्ती तीन वर्षीय बालक आसाराम के अभिभावक से बात की। उन्होंने एनआरसी में दिए जाने वाले पोषण आहार एवं जरूरी दवाईयों की भी जानकारी मौके पर मौजूद स्टाफ नर्स से ली। श्री राजेंद्रन ने कुपोषित बच्चों का ईलाज एनआरसी में करने के साथ कुपोषित बच्चों को गांवों में भी पोषक आहार देने के निर्देश दिए।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें : कलेक्टर चंदन

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर चन्दन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा की उपस्थिति में जिला कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटना रोकने एवं चिटफंड कंपनी में निवेशकों को राशि वापसी के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। कांकेर-भानुप्रतापपुर मार्ग में ग्राम कुर्री एवं रानवाही के पास दुर्घटनाजन्य स्थलों को पुलिस, आरटीओ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक उपाय करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार दूध नदी पुल, बरदेभाटा चौक और शहर के अन्य स्थलों पर आवारा मवेशियों के कारण दुर्घटना होने की संभावना व्यक्त की गई है, जिसे नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मवेशियों को गौठानों में रखवाने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर चन्दन कुमार ने निर्देशित करते हुए कहा कि दुर्घटनाजन्य स्थलों, जंक्शन पाईट में साईन बोर्ड, रेडियम रिफ्लेक्टर, फ्लैक्स, क्रास बैरियर इत्यादि लगाना सुनिश्चित करे। यातायात को व्यवस्थित करने के लिए शहरी क्षेत्रों में पुलिस, शहरी निकाय एवं राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा भ्रमण किये जाने तथा ओव्हर लोडिंग वाहनों तथा दुपहिया वाहनों में दो से अधिक सवारी पाये जाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उनके द्वारा यातायात की जानकारी देने हेतु स्कूल, कॉलेजो में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने, सड़क सुरक्षा मित्रों का चिन्हांकन कर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद व प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिये जाने निर्देशित किये गये। कलेक्टर ने परिवहन अधिकारी और यातायात प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात नियमों को उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। चिटफंड कंपनी के संपत्ति को कुर्की कर निवेशकों को राशि दिलाने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा किया गया।

## जुर्डा में विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर आज

**रायगढ़/नवप्रदेश।** विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक ग्राम जुर्डा के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में किया जाएगा। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा के परामर्श के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी काढ़ा का भी वितरण किया जायेगा। कोविड-19 रोग के रोकथाम के उपायों के विषय में शिविर में बताया जायेगा एवं दिनचर्या तथा ऋतुचर्या की जानकारी दी जायेगी। साथ ही वात व्याधि, श्वास, कास, चर्मरोग शिशु एवं बाल रोग, मधुमेह, शारीरिक एवं मानसिक दुर्बलता, पंचकर्म तथा क्षारसूत्र चिकित्सा (बवासीर भगन्दर)सलाह के साथ निःशुल्क औषधियां दी जायेगी। जनसामान्य को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया गया है।

## गोधन न्याय योजना से ग्रामीण महिलाओं को मिला रोजगार

**रायगढ़/नवप्रदेश।** घरेलू कार्यो तक सीमित रहने वाली ग्रामीण महिलाएं अब गोधन न्याय योजना के लाभ से घर में आर्थिक सहयोगी की भूमिका निभा रही है। वह गोधन न्याय योजना के माध्यम से संचालित विभिन्न गतिविधियों से अच्छी आय अर्जित कर परिवार की जिम्मेदारी उठा रही है। जिससे परिवार के भरण-पोषण के साथ ही उनके जीवन स्तर में बदलाव देखने को मिल रहा है। विकासखंड खरसिया के ग्राम पंचायत लोढ़ाझर में कान्हा महिला स्व-सहायता समूह का संचालन किया जा रहा है। 2018 में बिहान के अंतर्गत इस समूह का निर्माण किया गया था। समूह द्वारा भविष्य को देखते हुए स्वयं एवं समूह के सदस्यों के आर्थिक सहयोग के लिए एक निश्चित राशि समूह के खाते में डालना प्रारंभ किया था। जिससे उस निश्चित राशि का उपयोग कर समूह की आय के लिए रोजगार संबंधी कुछ कार्य किया जा सके। इसी दौरान छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना का प्रारंभ हुआ। योजना के तहत ग्राम पंचायत लोढ़ाझर में गौठान का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। कान्हा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कार्य शुरू किया गया। गौठान निर्माण के तहत सीपीटी, वृक्षारोपण, खुदाई आदि कार्य किया गया। समूह के कार्यो के प्रति लगन से प्रभावित होकर उन्हें गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जिम्मेदारी एवं मार्गदर्शन दिया गया। आज कान्हा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, केंचुआ उत्पादन एवं सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। इससे महिलाओं को रोजगार के साथ आर्थिक लाभ मिला है। महिलाएं स्वावलंबन की ओर अग्रसर होते हुए परिवार की जिम्मेदारी में सहयोग करने लगी है। समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के लिए अन्य समूह को मार्गदर्शन भी प्रदान कर रही है। कान्हा स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी खाद, केंचुआ तथा सब्जी उत्पाद एवं विक्रय कर अब तक 2 लाख 84 हजार 825 रूपए का लाभ अर्जित कर चुकी है। लाभ अर्जित होने से महिलाओं में गौठान के कार्यो को लेकर उत्साह है एवं महिलाएं अधिक लाभ अर्जित कर समूह को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए भविष्य में वर्मी वाश, जैविक रसायन, गमला निर्माण व अगरबत्ती निर्माण की कार्ययोजना बना रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बस्तर से लगे दक्षिण...**

से 700 वर्ष पुराना है। 13वीं शताब्दी में इस क्षेत्र में जब कोया आदिवासी जंगल में शिकार पर गये थे, उन्हें वहां एक बच्ची मिली जिसे वे अपने साथ ले आये। उनके मुखिया ने उस बच्ची को पाला और नाम दिया समक्का युवा होने पर समक्का अपने कबीले का नेतृत्व करने लगी। उसका विवाह पगिडीदा राजू के साथ हुआ जो वारंगल की काकतीय सेना में आदिवासी टुकड़ी का नायक था। उनके दो लड़कियां, सारालम्मा और नागुलम्मा और एक पुत्र जम्मपन्ना हुए। इसी समय अकाल पड़ा। गोदावरी तक में पानी कम हो गया था। इस स्थिति में तत्कालीन काकतीय राजा प्रतापरुद्रदेव ने कर बढ़ा दिया। इसका कोया समुदाय ने विरोध किया। फलस्वरूप राजा ने अपनी सेना भेजी, कोया आदिवासियों और काकतीय सेना का संघर्ष हुआ। कोया समुदाय को मां समक्का की पुत्री सारालम्मा और पुत्र जम्पन्ना ने लीड किया। इस युद्ध में जम्पान्ना मारा गया और इससे मेडारम गांव के पास गोदावरी के प्रवाह में वह डूब गया। यह स्थान आज भी जम्पान्ना वागू कहलाता है जहां श्रद्धालु स्नान करते हैं। आज यह केदारनाथ के बाद सर्वाधिक विजिट किये जाने वाला स्थान है। इस संघर्ष में समक्का और सारालम्मा की भी मृत्यु हो गई। फिर से कुमकुम बरणी के रूप पुनः देखियों कर प्राकट हुई है और इस घटना के बाद कोया समुदाय द्वारा समक्का-सारलम्मा देवी की याद में प्रति दो वर्ष के बाद में इस जातरा का आयोजन किया जाता है। जहां यह देवियां स्थापित हैं। वह स्थान गद्दी में भक्त लोग अपत में भक्त मन्नत मांगी जाती है और मन्नत पूरी होने पर भक्त यहां इन मां-बेटी देवियों को गुड़ को सोने के रूप में आपनी मन्नतें चढ़ाई जाती है और बकरा एवं मुर्गो की भी बली दी जाती है।

**हेलीकॉप्टर की ...**

मेडारम के दृश्य को देखा जा रहा है, 15 से 20 मिनट का चार्ज 03 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा वीवीआईपी व मेजर लोगों को पास वा गेस्ट हाउस कि भी सुविधाएं है।

**पंजाब चुनाव : घोषणापत्र...**

करना पड़ रहा है, पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में प्रचार करने और आबादी वाली योजनाओं की घोषणा करने में व्यस्त हैं।

कांग्रेस पार्टी की घोषणापत्र समिति के प्रमुख एमपी प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा, हां, पार्टी ने अभी तक घोषणापत्र जारी नहीं किया है और वह इसे पहले आज (गुरुवार) ऑनलाइन कर सकती है और फिर बाद में दिन में एक प्रिंट कॉपी है। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा रिलीज किए जाने की संभावना है।

**कांग्रेस प्रवक्ता जयराज...**

'पार्टी अपने कामकाज में बदलाव करने को तैयार नहीं'

परमार ने कहा, मैंने 2007, 2012, 2017 (चुनाव) और 2019 (उपचुनाव) में मेहसाणा की खेरालू विधानसभा सीट से टिकट मांगा था, लेकिन मुझे टिकट नहीं दिया गया। इसके बावजूद मैं प्रतिबद्ध रहा। मैंने कांग्रेस नेताओं का ध्यान पार्टी की आंतरिक व्यवस्था में खामियों की ओर आकर्षित किया। लेकिन, पार्टी अपने कामकाज में बदलाव करने को तैयार नहीं है। इसलिए मेरे पास पार्टी छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

**किसान, नौजवान और...**

विधानसभा से चुनाव लड़ रहे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पुत्र अखिलेश यादव के चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए मुलायम अपने आप को नहीं रोक सके। वहीं गुरुवार को मैनपुरी के करहल में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के चुनावी जनसभा में भाग लेने की जानकारी पार्टी कार्यकर्ताओं को मिली तो उनमें जोश भर गया।

**यातायात प्रभारी व...**

के खिलाफधारा 1-7(क), 12 डब्ल्यूआर एक्ट 1988 के तहत अपराध दर्ज कर उनके खिलाफआगे की कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री ट्राफी के लिए टीम घोषित, रवि सिंह बनाए गए कप्तान

**रायगढ़/नवप्रदेश।** जिला क्रिकेट संघ के द्वारा इंटर डिस्ट्रीक प्रतियोगिता मुख्यमंत्री कप के लिए सीनियर क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि 10 दिन के कैंप के पश्चात् उक्त टीम की घोषणा की गई है। जो इस प्रकार है - रवि सिंह कप्तान, अमित कुंवर, हासिम कुरैशी, लव्यम राजपूत, कृष मैत्री, सचिन चौहान, स्वराज शर्मा, करण महेश, मोहसीन अहमद, विनय प्रकाश साहू, आशीष ओझा, विकास द्विवेदी, अजहरूल कादरी, मोहम्मद आसिफ, सूरज आचार्या, अनुराग पटेल शामिल किए गए है। इसके अलावा स्टेण्ड बाय के लिए 4 खिलाड़ी चुने गए हैं। जो जरूरत पडने पर मैच के लिए बुलाए जा सकते हैं। उसमें कृतिक शर्मा, हिमांशु छड़िमली, रियाज अली, शेख जावेद शामिल हैं। सभी चयनित सदस्यों को जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय सहित, सचिव रामचन्द्र शर्मा, किशोर पटनायक, पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, आशीष शर्मा, महेन्द्र साव, राजा गोरख, अभिषेक गुप्ता, शानू भयानी आदि ने बधाई देते हुए अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई हैं।

### दुर्ग रवाना होगी टीम

इंटर डिस्ट्रीक टूर्नामेंट के लिए राज्य स्तर से कई जिले शामिल हो रहे हैं जिसमें महासमुंद, बस्तर, अंबिकापुर, चांपा, कोरबा, रायपुर, बिलासपुर, कोरिया, जशपुर, कांकेर, धमतरी सहित रायगढ़ जिला शामिल है। ये मैच 18 फरवरी से आरंभ होकर 1 मार्च तक चलेंगे। जिसके लिए दुर्ग, दल्लीराजहरा, कांकेर, रायपुर स्टेडियम, अंबिकापुर स्टेडियम चयनित किए गए है। रायगढ़ जिले की टीम दुर्ग में बस्तर व महासमुंद से मुकाबला करने के लिए 17 फरवरी को साउथ बिहार ट्रेन से रवाना होगी। टीम के मैनेजर रोहित नामदेव एवं कोच अक्षय गुप्ता बनाए गए हैं।

## एनएमडीसी बचेली द्वारा कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट बैग स्थापित एवं जैविक खाद उत्पादन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बचेली/नवप्रदेश।** विगत कई वर्षो से दन्तेवाड़ा जिले को जैविक जिला घोषित किया जा चुका है तथा पूरे जिले में रासायनिक खाद का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया जा चुका है। इसलिए एनएमडीसी बचेली, अपने परियोजना के निकटतम ग्रामों के किसानों को जैविक खाद का उपयोग के महत्व को समझाने तथा उसे बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में एनएमडीसी बचेली, ने अपने परियोजना के निकटतम ग्रामों के ग्रामीण किसानों को ग्राम बड़े कमेली में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें निकटतम ग्रामों जैसे बड़े कमेली, पाढ़ापुर, बड़े बचेली, पोरोकमेली इत्यादि के 15 से 20 कृषकों को 30 वर्मी कम्पोस्ट बैग प्रदाय किए गए हैं तथा उन बैगों की स्थापना एवं उपयोग करने हेतु कृषकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया, इस संबंध में कृषकों को वर्मी कम्पोस्ट बैग उनके खेतों के समीप स्थापित कर उनमें वर्मी कल्चर के माध्यम से जैविक खाद का उत्पादन करने की सम्पूर्ण जानकारी दी गई।


**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग, रायगढ़, जिला- रायगढ़ (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
eProcuremenet Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
**(षष्ठम-आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 92458/निविदा सूचना क्रमांकः15/व.ले.लि./2021-22 दिनांक 15.02.2022
निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 08.03.2022 (17.30 बजे) तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

| सिस्टम निविदा क्र. | समूह क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 92458 | | केलो परियोजना के अंतर्गत झारमुड़ा शाखा नहर के सैच्य क्षेत्र में ए.आई.वी.पी. अंतर्गत विकसित 4039.385 हे. (जल उपभोक्ता संथा बाधाडोला एवं पुसौर के अंतर्गत) कृषि क्षेत्र में अंडर ग्राउंड पाईप लाईन सिस्टम से काडा एवं जल प्रबंध संरचनाओं का निर्माण कार्य योजना अंतर्गत शामिल आवश्यक सर्वेक्षण कार्य प्लानिंग, डिजाइन, ड्राईंग लेआउट प्लान, इस्टीमेंट्स हेतु संबधित ग्रामों का नक्शा, लेजर खसरा बी-1 आदि का रेवेन्यू विभाग से संग्रहण यू.जी.पी.एल. सिस्टम की संपूर्ण ले-आउट प्लानिंग हेतु नक्शे तैयार करना, कार्यों के निर्माण हेतु संबंधित कृषकों से सहमति प्राप्त करना, ले आउट करना एवं संबंधित कृषकों से फंक्शन ग्रांट का 10 प्रतिशत भाग काडा एवं जल प्रबंधन कार्य हेतु एकत्रित करना, लेआउट उपरांत यू.जी.पी.एल. सिस्टम की संपूर्णता हेतु जल संसाधन विभाग के स्पेशिफिकेशन के अनुरूप एवं निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए यू.पी.व्ही. सी. पाईप लाईनों का निर्माण एवं सभी निर्धारित ज्वाईंट पर आवश्यक एवं सफल जल बहाव हेतु आवश्यक वाल्व इत्यादि संरचनाओं का निर्माण करना तथा प्रस्तावित 4039.385 हे. क्षेत्र के 10 प्रतिशत क्षेत्र (403.938हे.) में मापदण्डों के अनुसार माइक्रो एरिगेशन प्रणाली का निर्माण (समस्त कार्यों हेतु आवश्यक सभी सामग्रियों हेतु एवं मशीनों की लीड लिफ्ट सहित) संपूर्ण निर्मित की गई काडा नालियों एवं जल प्रबंधन कार्यों से सिंचाई हेतु आवश्यक सभी प्रकार की व्यवस्थाएं, प्रबंधन आदि कार्य सहित राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय अधिकृत संस्था/फर्म से निरंतर थर्ड पार्टी द्वारा मूल्यांकन कराना तथा उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यों के आरंभ से पूर्ण होने तक निरंतर संबंधित कृषकों, ग्रामवासियों के साथ निर्धारित गाईड लाईन के अनुरूप एवं समय-समय पर प्रसारित होने वाले विभागीय आदेशानुसार वर्कशाप, सेमीनार, ट्रेनिंग, डिमास्ट्रेशन एवं कृषकों की जनभागीदारी एवं जिम्मेदारी हेतु जागरुकता कार्यक्रमों का संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लक्ष्य के अनुरूप कृषकों को एग्रीकल्चर, हार्टीकल्चर, सेरीकल्चर से प्राप्त योजनाओं एवं सुविधाओं से कृषकों को परिचित कराते हुए जागरुकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना शामिल है। | रु.1119.36 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **22.02.2022** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों का ई-प्रोक्योरमेंट वेबासाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-67909/6

**कार्यपालन अभियंता**
**केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग**
**रायगढ़ (छ.ग.)**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड- रायगढ़ (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन कार्य आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा क्रमांक दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 92664 | 286/11.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड बरमकेला, ग्राम सोनबला एवं चिंगरीडीह | 104.62 | 78500/- |
| 2 | 92675 | 287/11.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड- सारंगढ़, ग्राम गंधराचुआ, जामपाली एवं सुआरगुड़ा | 92.56 | 69400/- |
| 3 | 92668 | 288/11.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड- सारंगढ़, ग्राम बघनपुर बंधापाली एवं बगबंध | 93.27 | 70000/- |
| 4 | 92661 | 289/11.02.2022 | रेट्रोफिटिंग- वि.खंड- सारंगढ़, ग्राम- झिलगीटार | 52.85 | 39700/- |
| 5 | 92686 | 290/11.02.2022 | रेट्रोफिटिंग- वि.खंड- सारंगढ़, ग्राम- तिलाईपाली | 29.19 | 21900/- |
| 6 | 92689 | 291/11.02.2022 | सिंगल विलेज-वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम- बैरानी | 60.91 | 45682/- |
| 7 | 92893 | 292/14.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम गंजाईपाली | 67.25 | 50437/- |
| 8 | 92896 | 293/14.02.2022 | सिंगल विलेज-वि.खंड- धर्मजयगढ़, ग्राम गवारघुटरी | 63.75 | 47812.50 |
| 9 | 92901 | 294/14.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम जमरगा | 95.66 | 71745/- |
| 10 | 92905 | 295/14.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड- धर्मजयगढ़, ग्राम-जामपाली | 55.18 | 41385/- |
| 11 | 92899 | 296/14.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम- खर्रा | 62.94 | 47205/- |
| 12 | 92910 | 297/14.02.2022 | सिंगल विलेज-वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम- कुड़ेकेला | 61.74 | 46305/- |
| 13 | 92918 | 298/14.02.2022 | सिंगल विलेज-वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम- लक्ष्मीपुर | 78.22 | 58665/- |
| 14 | 92911 | 299/14.02.2022 | सिंगल विलेज-वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम-ओगना | 88.84 | 66630/- |
| 15 | 92909 | 300/14.02.2022 | सिंगल विलेज-वि.खंड-धर्मजयगढ़, ग्राम-आड़ाझर | 48.55 | 36412/- |
| 16 | 92969 | 301/14.02.2022 | सिंगल विलेज- वि.खंड-सारंगढ़, ग्राम-पठारीपाली (मेन बस्ती) | 38.60 | 29000/- |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छ.ग. शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 07.03.2022 तक समय 17.30 तक बिड डाले जा सकते हैं। निविदा प्रकाशन पश्चात समस्त संशोधन केवल ऑन लाईन ही देखे जा सकेंगे। अन्य विवरण कार्यालीयन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

जी-67896/7

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**रायगढ़ (छ.ग.)**


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

# साइबर ठगी के मामले में 1 आरोपी की हुई गिरफ्तारी

- जिला दुमका झारखंड से किया गया गिरफ्तार
- थाना कुटरु और साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही
- बीएसएनएल कंपनी का नोडल अधिकारी बन कर सिम बंद होने का झांसा देकर आवेदक के खाते से 151000/- की धोखाधड़ी करने वाले फ्राड को गिरफ्तार

**बीजापुर/नवप्रदेश।** 26 जनवरी को ग्राम कुटरू निवासी कमला मुचाकी द्वारा थाना कुटरू में रिपार्ट दर्ज कराया गया कि 25 जनवरी के 11 बजे इनके मोबाईल पर कॉल आया और कहा गया की इनका बीएसएनएल मोबाईल नम्बर बंद होने वाला है अतः नम्बर को चालू रखना चाहते है तो अपना पेनकार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड का फोटो व्हाट्सएप करने को कहा गया एवं एनीडेस्क एप डउनलोड कर कॉल करने कहा गया एवं प्रार्थिया से ओटीपी पूछकर प्रार्थिया एवं प्रार्थिया के पति के खाते से 151000/- रूपये की ठगी कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर, सुंदरराज पी0, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

सायबर सेल द्वारा सर्व प्रथम प्रार्थिया के मोबाईल में आये कॉल के सीडीआर का अवलोकन एवं खातों में हुये ट्रान्सफर व आरोपियों के खाते की जानकारी हासिल कर खाते को होल्ड करने हेतु सबंधित बैंक को सूचित किया गया। तत्पश्चात जांच उपरान्त वरि0पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप, द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बीजापुर डॉ0 पंकज शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना कुटरू एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम को जिला दुमका झारखण्ड के लिये रवाना किया गया। टीम द्वारा आरोपी रोहित राय पिता सुरेश राय को सकुनत ग्राम बगझोपा थाना मुफ्फसिल जिला दुमका झारखण्ड में दबिश देकर पकड़ा गया। जिसके खाते में फ्राड का 75000/- रूपये जमा होना पाया गया। आरोपी से पुछताछ पर घटना के मास्टर माइंड एवं सह आरोपी के सबंध में बताया गया जिनके सकुनत पर दबिश दी गई जो सकुनत से फरार मिले।

घटना के फरार दोनो आरोपियों के विरूद्ध थाना मुफ्फसिल जिला दमका झारखण्ड में भादवि एवं आईटी एक्ट के तहत् धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध होना पाया गया। गिरफ्तार आरोपी रोहित राय को ट्रांसिट रिमाण्ड पर जिला बीजापुर लाया गया है, थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय बीजापुर पेश किया जायेगा। उक्त कार्यवाही में थाना कुटरू से निरीक्षक अनुराग सोनवानी, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह कंवर, सउनि नीतेश पाण्डे, आरक्षक/1039 योगेश्वर कपूर, आरक्षक/670 मतीन खान, आर/1132 छत्रपाल साहू थाना कुटरू की भूमिका सराहनीय रही।

## राज्यपाल उइके ने मदकूदीप में प्राचीन अष्टभुजी श्री गणेश जी की पूजा अर्चना

**मुंगेली/नवप्रदेश।** प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले के पथरिया विकासखंड के शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम मदकूदीप पहुंचे। उन्होंने वहां हरिहर क्षेत्र केदार (मदकू) परिसर स्थित प्राचीन अष्टभुजी गणेश जी की मूर्ति की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने वहां पुरातत्विक पाषाण मूर्ति और रामाश्रय कुटिया का भी अवलोकन किया और मदकूदीप के धार्मिक एवं पुरातत्विक महत्व के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरम लाल कौशिक, मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक डी आर. आंचला, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत सहित गणमान्य नागरिक आदि मौजूद थे।

## राज्यपाल शामिल हुई पवित्र शिवनाथ नदी के तट पर आयोजित गंगा आरती में

**मुंगेली/नवप्रदेश।** प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले के पथरिया विकासखंड के मदकूदीप में शिवनाथ नदी के तट पर गोधुली बेला में आयोजित गंगा आरती में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होने कहा कि जल की शुद्वता और संरक्षण के उद्देश्य से ही नदियों को देवी का दर्जा प्राप्त है और विभिन्न नदियां पौराणिक गाथाओं से लेकर वर्तमान तक श्रद्धा और पूजा की पात्र रही हैं, इसीलिए गंगा की आरती बनारस, हरिद्वार व उत्तराखंड में अनेक स्थानों पर जब की जाती है तो श्रद्धालु बड़ी संख्या में उमड़ जाते हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने प्रदेश के प्रमुख नदियों के तटों पर भी गोधुली बेला में आरती कार्यक्रम आयोजित करने हेतु लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरम लाल कौशिक, मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक डी आर. आंचला, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत सहित गणमान्य नागरिक आदि मौजूद थे।

# तीन दिनों में 3319 श्रमिकों ने कराया ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन

**कोरिया/नवप्रदेश।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा ई-श्रम कार्ड योजना प्रारम्भ की गई है। योजना के तहत कोरिया जिले में भी पंजीयन शुरू कर दिया गया है। कोरिया जिले के सभी व्ही.एल.ई. और च्वाईस सेंटरों को ई-श्रम पंजीयन हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है जिसके तहत जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में श्रमिकों का पंजीयन युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार 14 फरवरी से ई-श्रम पंजीयन की शुरूआत की गई है। श्रमिकों द्वारा विशेष रूचि दिखाते हुए शिविर में जाकर अपना पंजीयन कराया जा रहा है। बीते तीन दिनों में 3319 श्रमिकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। वर्तमान में कोरिया जिले में ई-श्रम पोर्टल में श्रमिकों का पंजीयन 477 सक्रिय व्ही.एल.ई. के माध्यम से किया जा रहा है। यह पंजीयन का कार्य 28 फरवरी तक जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि अब तक कोरिया जिले में कुल 1 लाख 45 हजार 491 श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन हो चुका हैं। ई-श्रम पंजीयन के तहत पंजीकृत श्रमिकों को 12 अंको का कार्ड प्रदान किया जायेगा जोकि पूरे देश में मान्य होगा। इस कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को 2 लाख रुपये तक बीमा का

लाभ मिलेगा। योजना के तहत कोई भी श्रमिक, जिसकी उम्र 16 से 59 वर्ष के बीच है और इन्कम टैक्स फाईल रिटर्न नहीं करते हैं और न ही इपीएफऔर इएसआईसी के सदस्य है तो वह श्रमिक भारत सरकार की इस योजना में पंजीयन करा सकता है। श्रमिकों को अपना पंजीयन कराने के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाईल नम्बर का विवरण साथ में रखना होगा।

ई-श्रम कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को उनके काम के आधार पर बांटा गया - ई-श्रम कार्ड के माध्यम से श्रमिकों को उनके काम के आधार पर बांटा गया है। विभिन्न प्रकार की मजदूरों एवं कामगारों जिनका ई-श्रम कार्ड बन सकता है, जो निम्नानुसार है- घर का नौकर-नौकरानी (कामवाली बाई), खाना बनाने वाली (कुक), सफाई कर्मचारी, गार्ड, रेजा-कुली, रिक्शा चालक, ठेला में किसी भी प्रकार का सामान बेचने वाला(वेन्डर), होटल के नौकर, वेटर, रिसेप्शनिस्ट, पूछताछ करने वाले क्लर्क, ऑपरेटर, हर दुकान का नौकर, सेल्समैन, हेल्पर, ऑटो चालक, ड्राईवर, पंचर बनाने वाला, ब्यूटी पार्लर की वर्कर, नाई, मोची, दर्जी, बढ़ई, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, पोताई वाला (पेंटर), टाईल्स वाला, वेल्डिंग वाला, खेती वाले मजदूर, नरेगा मजदूर, ईट भट्ठा के मजदूर, पत्थर तोड़ने वाले, खदान मजदूर, फॉल्स सीलिंग वाले, मूर्ति बनाने वाला, मछुआरा, चरवाहा, डेरी वाले, सभी पशुपालक, पेपर का हॉकर, जोमैटो, स्विगी, अमेजन, फ्लिपकार्ट के डिलेवरी ब्वॉय (कूरियर वाले), नर्स, वार्ड ब्वॉय, आया, मंदिर के पुजारी, विभिन्न सरकारी ऑफिस के दैनिक वेतन भोगी, कलेक्टर रेट वाले कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, आशा वर्कर आदि अर्थात सभी तरह के व्यक्ति का पंजीयन हो सकता है।

## 30 को मुठभेड़ में शामिल घायल माओवादी को उपचार उपरान्त किया गिरफ्तार

**बीजापुर/नवप्रदेश।** 29 जनवरी को थाना बासागुड़ा, कोबरा 210 का संयुक्त बल माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर आउटपल्ली, छोटे सुकनापल्ली, बड़े सुकनापल्ली, इकुम की ओर सर्चिंग, एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। 30 जनवरी को छोटे सुकनापल्ली-बड़े सुकनापल्ली के बीच टेकरी जंगल पुलिस और माओवादियों के बीच हुये मुठभेड़ में 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य बदरू मोड़ियम ग्राम डल्ला के बाये हाथ में चोंट आई थी जिसे प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर ईलाज हेतु जिला अस्पताल बीजापुर रवाना किया गया था। जिला अस्पताल बीजापुर से डीमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार उपरान्त 16 फरवरी को माओवादी बदरू मोड़ियम को विधिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार माओवादी के विरूद्ध थाना बासागुड़ा में अपहरण और हत्या के मामले में 01 स्थाई वारंट भी लंबित है। 22 अक्टूबर 2010 को एसपीओ सहित माता, पिता, भाई, भतिजा, दो अन्य के अपहरण एवं एसपीओ ईरपा दिनेश की हत्या में था शामिल, गिरफ्तार माओवादी को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

## प्राकृतिक आपदा से हानि में 47 व्यक्तियों की मदद के लिए 7 लाख 10 हजार 652 रूपये की राशि स्वीकृत

**कोरिया।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर विकासखण्ड जनकपुर में प्राकृतिक आपदा से हुए क्षति के संबंध में प्राप्त प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया गया जिससे संबंधित ग्रामीण परिवारों को मदद मिली है। प्राकृतिक आपदा से आहत हुए 47 व्यक्तियों के राहत के लिए 7 लाख 10 हजार 652 रूपये की राशि की स्वीकृति दी गयी है। जिसमें पशु क्षति के 16 व्यक्तियों के लिए 4 लाख 58 हजार रूपये, आंशिक जनहानि के प्रकरण में 4 व्यक्तियों के लिए 34 हजार रूपये, मकान क्षति के 16 व्यक्तियों के लिए 71 हजार 400 रूपये, कुंआ क्षति के 9 व्यक्तियों के लिए 1 लाख 44 हजार रूपये एवं फसल क्षति के 2 व्यक्तियों के लिए 3 हजार 252 रूपये की राशि शामिल हैं। यह स्वीकृति राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रकरणों में दी गयी है।

## आयुष्मान भारत व खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना में 5 लाख तक मुक्त ईलाज

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शासन द्वारा आयुष्मान भारत योजना और डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों को 50 हजार रूपये से 05 लाख रूपये तक की मुक्त ईलाज की सुविधा दी गई है। आयुष्मान कार्ड धारक कोई भी व्यक्ति शासकीय और अधिकृत प्राइवेट अस्पतालों में 50 हजार रूपये से लेकर 05 लाख रूपए तक की कैशलेस ईलाज (मुफ्त ईलाज) करा सकते हैं। इसके लिए कलेक्टर के मार्ग निर्देशन में ग्राम पंचायतों में 15 और 16 फरवरी को शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने कहा है कि शासन द्वारा आयुष्मान कार्ड धारकों को 50 हजार रूपये से 05 लाख रूपये तक की निःशुल्क ईलाज सुविधा प्रदान की गई है। बीमार होने पर आयुष्मान कार्ड धारक व्यक्ति शासकीय और अधिकृत प्राइवेट अस्पतालों में 50 हजार रूपये से 05 लाख तक की निःशुल्क ईलाज करा सकते हैं।

## मदकू परिसर में राज्यपाल ने रोपित किया पीपल के पौधे

**मुंगेली/नवप्रदेश।** प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले के पथरिया विकासखंड के शिवनाथ नदी के तट पर स्थित ग्राम मदकूदीप में हरिहर क्षेत्र केदार (मदकू) परिसर में पीपल के पौधे रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन देने वाले पीपल के पौधे रोपित करने पर उन्हें खुशी का अहसास हो रही है। उन्होंने आम लोगों को भी ऑक्सीजन देने वाली पीपल के पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धरम लाल कौशिक, मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर पुलिस अधीक्षक डी आर. आंचला, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत सहित गणमान्य नागरिक आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

- हितग्राही प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत अनुदान का उठा सकते हैं लाभ

**कांकेर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर के द्वारा 28 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का व्यक्ति इसके लिए आवेदन कर सकते हैं, शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण निर्धारित है, एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र होगा। योजना में हितग्राही प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ उठा सकते हैं, अधिकतम अनुदान 10 लाख रूपए प्रति उद्यम तक हो सकती हैं। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक से ऋण के रूप में होगी।

योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों को लाभ प्रदान किया जायेगा जैसे सीताफल से आईसक्रीम निर्माण, इमली कैण्डी एवं इमली पर आधारित उत्पाद, पोहा उद्योग, आचार निर्माण, मसाला निर्माण एवं पैकेजिंग, बड़ी, पापड़, रेडी-टू-ईट, टमाटर पर आधारित उत्पाद जैसे टमाटर चटनी, सॉस, मिनी राईस मिल, मक्का प्रोसेसिंग (मक्का फ्लेक्स), गेहूं, बाजरा, कोदो-कुटकी आधारित उत्पाद, महुआ प्रसंस्करण, महुआ लड्डु, बेकरी प्रोडक्ट्स, सेवईयां एवं नूडल्स निर्माण, जैम, जैसी, डेयरी उत्पाद, दूध से पनीर, घी, दही, मिठाई, सेव भुजिया नमकीन निर्माण, पशुआहार निर्माण इत्यादि प्रकार के उद्योग स्थापना पर लाभ प्रदान किया जायेगा। योजनांतर्गत जिले के राष्ट्रीकृत बैंकों को लक्ष्य आबंटित किया गया है। विस्तृत जानकारी हेतु इच्छुक युवक, युवतियां कार्यालय जिला व्यापार उवं उद्योग केन्द्र कांकेर, संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर (तृतीय तल) कांकेर में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाईन स्वयं एवं कार्यालय से भी आवेदन कर सकते हैं।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन में जारी होने वाली अनुज्ञा में एकरूपता लाने प्रारूप निर्धारित

**कोरिया।** जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने जन्म-मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 की धारा 13(2) एवं धारा 13(3) के तहत विलंबित पंजीयन के प्रकरणों के पंजीयन हेतु जिले के सभी पंजीयन इकाईयों द्वारा जारी किये जाने वाले अनुज्ञा में एकरूपता लाने के लिए पत्र जारी किया है, जिसमें प्रारूप निर्धारित करते हुए आवेदन के लिये जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई है। इन दस्तावेजों में आवेदन, शपथ पत्र, नोटरी, पंचनामा, परिशुद्धता प्रमाण पत्र (रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा जारी, जच्चा-बच्चा कार्ड, स्वपरीक्षण रिपोर्ट, आधार कार्ड जन्म प्रकरण में माता, पिता का एवं मृत्यु के प्रकरण में मृतक का, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, अन्य शासकिय अभिलेख, शासकीय सेवक होने की स्थिति में सेवा पुस्तिका, शासकीय अभिलेख शामिल है। उन्होंने प्रारूप में ही जिले की समस्त पंजीयन इकाईयों को विलंबित पंजीयन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा है।

## प्रभारी अधिकारी ने गौठान में पहुंचकर आजीविका गतिविधियों का लिया जायजा

**कोरबा/नवप्रदेश।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत कोरबा जिला के प्रभारी अधिकारी रघुराज माधव राजेंद्रन ने कलेक्टर रानू साहू की मौजूदगी में आज कोरबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पहंदा के सरईडीह गौठान का दौरा किया। उन्होंने गौठान में चल रही आजीविका गतिविधियों के संबंध में स्वसहायता समूह की महिलाओं से जानकारी ली। गौठान में कार्यरत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे गौठान में मुर्गीपालन, खरगोश पालन, चारा उत्पादन, सब्जी उत्पादन, बतख पालन, बटेर पालन एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कर रही हैं जिससे उनकी आमदनी बढ़ी है। संयुक्त सचिव श्री राजेंद्रन ने गौठान में महिलाओं द्वारा किए जा रहे आजीविका गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने गौठान में महिलाओं द्वारा किए जा रहे वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, मछली पालन, सब्जी - बाड़ी एवं मशरूम उत्पादन शेड का अवलोकन किया। साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पादित काजू और ब्लैक राइस का भी अवलोकन किया। राजेंद्रन को कोरबा में उत्पादित काजू और ब्लैक राइस काफी पसंद आया। गौठान की महिलाओं ने काजू और ब्लैक राइस को उपहार स्वरूप संयुक्त सचिव को भेंट किया। इस पर

श्री राजेंद्रन ने स्थानीय तौर पर उत्पादित ब्लैक राइस और काजू दोनों के खरीदी कीमत भी चुकाए। संयुक्त सचिव राजेंद्रन ने सरईडीह गौठान में ड्रिप एरिगेशन सुविधा, सोलर पंप, मल्चिंग के संबंध में भी जानकारी ली। कृषि विभाग के उपसंचालक अनिल शुक्ला ने बताया कि गौठान में ड्रिप एरिगेशन और सोलर पंप की सुविधा उपलब्ध है। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर ममता यादव, एसडीएम कोरबा हरिशंकर पैंकरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। संयुक्त सचिव राजेंद्रन ने महिलाओं द्वारा आजीविका के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान संयुक्त सचिव ने ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण भी किया। श्री राजेंद्रन ने गौठान में पहुंचकर बत्तख पालन के लिए विकसित किए गए तालाब में बत्तखों को दाना खिलाया।

# राज्यपाल सुश्री उइके ने किया पर्यावरण तीर्थ-मदकूद्वीप प्रांकलन का शुभारंभ

**मुंगेली/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके ने जिले के पवित्र शिवनाथ नदी के तट पर स्थित प्राचीन धरोहर और दर्शनीय स्थल यज्ञशाला परिसर हरिहर क्षेत्र मद्कूद्वीप में आज पर्यावरण तीर्थ मद्कूद्वीप प्राकलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुझे पर्यावरण तीर्थ मदकूद्वीप के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। इस तीर्थ के शुभारंभ के साथ हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ पर्यावरण, स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आज पूजनीय गुरु रविदास को उनकी जयंती पर नमन करती हूं। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने समाज के लोगों में नई चेतना जगाई। सामाजिक समानता और मानवता की उन्नति के लिए दी गई उनकी शाश्वत शिक्षाएं लोगों को जीवन जीने का मार्ग दिखाती हैं। संत रविदास जी का भाईचारे बंधुत्व, एकता, नैतिकता, मानवतावादी तथा परिश्रमरत रहने का संदेश सदियों तक लोगों को प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तीर्थ जाकर हम और अधिक पवित्र इंसान बनने का संकल्प लेते हैं, ऐसे ही पर्यावरण तीर्थ में पर्यावरण को शुद्ध करने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम में भारत को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए जनसंकल्प, नदियों के तटों पर पीपल, बरगद और नीम जैसे पौधों का रोपण, गंगा आरती और तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। जो कि अत्यंत पुनीत कार्य है।

राज्यपाल उइके ने कहा कि प्रकृति की रचना वायु, जल, अग्नि, मृदा और आकाश इन पाँच तत्वों से हुई है। हम जिस वातावरण में निवास करते हैं, वह शुद्ध और पवित्र होना चाहिए, जिस जल को हम इस्तेमाल करते हैं वह स्वच्छ हो। उसमें आवश्यक तत्वों का संतुलन होना चाहिए। जिस मिट्टी में हम फसल उपजाते हैं, उसमें सभी पोषक तत्वों का संतुलित समावेश होना चाहिए। आज हम विकास के नाम पर उस अंधी दौड़ में शामिल हो गये हैं जहां जाने,अनजाने प्रकृति को नुकसान पहुंचा रहे हैंए जिसके भयावह दुष्परिणाम, जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहे हैं। पुराने समय को याद करें तो पहले न हमें गर्मियों में एयर कंडीशन की जरूरत पड़ती थी न ही ठण्ड में हीटर की। जो घर बनते थे वह स्वयं वातानुकूलित होने का अहसास कराते थे। वायु इतनी शुद्ध थी कि किसी भी मास्क या एयर प्यूरीफायर की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। जल इतना शुद्ध था कि उसे फिल्टर करने की आवश्यकता नहीं होती थी। अच्छी

फसल उगाने के लिए किसी रासायनिक उर्वरक की जरूरत नहीं पड़ती थी, पौधे अपने आप पल्लवित होते थे, मौसम चक्र नियमित होता था, अपने समय पर ही गर्मी,ठण्ड और बारिश का आगमन होता था। परन्तु आधुनिकीकरण ने इतना कुछ बदल दिया है कि हमने सुख,सुविधा के लालच में मौसम को ही नियंत्रित करना शुरू कर दिया। एयरकंडीशन, फ्रिज जैसे उपकरणों के बेतहाशा उपयोग ने वातावरण को दूषित कर दिया है। इनसे निकलने वाली गैसों ने ओजोन लेयर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहनों और बड़े-बड़े फैक्ट्रियों से निकले अपशिष्टों ने वातावरण को जहरीला कर दिया है। जल, मिट्टी, वायु सभी प्रदूषित हो गये हैं, यहां तक कि जो अनाज हम खा रहे हैं, उनमें भी हानिकारक तत्वों की मात्रा बढ़ने लगी है। इसके कारण नई-नई प्रकार की बीमारियां भी उत्पन्न हो गई हैं। इस पर्यावरण तीर्थ के शुरू होने के साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होगी। भारतीय संस्कृति में नदियों का बड़ा महत्व रहा है। बड़ी सभ्यताएं नदियों के किनारे ही विकसित हुई है। हमारे प्रमुख शहर भी नदियों के किनारे ही बसे हुए हैं। नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदियां धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है तथा इनको स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है। हम नदियों को हमेशा माता कहकर पूजते आए हैं। इस प्रकल्प में नदियों के किनारे पर्यावरण तीर्थ स्थापना की संकल्पना की गई है, जिसके तहत शिव-गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। जरूरत है नदियों को स्वच्छ रखने के संकल्प की, ताकि इस पुनीत कार्य के द्वारा जीवनदायिनी नदियों का संरक्षण किया जा सके। इसके लिए सामूहिक भागीदारी से काम किए जाने की जरूरत होगी। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा नदियों की सफाई व नदी जल के बेहतर प्रबंधन के लिए अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। नदियों की अविरल धारा, निर्मल धारा और स्वच्छ किनारा जैसी परिकल्पना को साकार करने के लिए नमामि गंगे योजना के अंतर्गत क्लीनेथॉन परियोजना् को विस्तार देने का काम किया जा रहा है। प्रमुख रूप से गंगा के अलावा देश की अन्य बड़ी नदियों को क्लीनेथॉन परियोजना में जोड़ा जा रहा है। नदी बेसिन प्रबंधन के माध्यम से नदी के कटाव को नियंत्रित करने का भी प्रयास जारी है। हम सभी का समन्वित प्रयास होना चाहिए कि अपने परिवेश के साथ साथ जल स्रोतों जिसमें नदियां प्रमुख है, उसकी साफ-सफाई व स्वच्छता को भी प्राथमिकता दें ताकि इन प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का संरक्षण किया जा सके। आज यहां रोपित किए जा रहे बरगद, पीपल, नीम तथा तुलसी के पौधों का हमारे समाज में धार्मिक, आर्थिक के साथ पर्यावरण की दृष्टि से एवं अनेक बीमारियों के इलाज में भी बड़ा महत्व है। नीम और तुलसी के गुणकारी प्रभावों से आप सब परिचित ही हैं। कोरोना काल में तुलसी के कफनाशक गुणों के कारण इसके पेय से आमजनों को काफी लाभ हुआ। प्रकृति के लिए प्लास्टिक अत्यंत हानिकारक तत्व है। यह हजारों सालों में भी नष्ट नहीं होता और इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं जो सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं। हम पॉलिथिन का उपयोग कर फेंक देते हैं, जिसे खाकर गौमाता बीमार पड़ जाती है। प्लास्टिक के बर्तन कई प्रकार के बीमारियों को जन्म देती है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करें। उसकी जगह पर कपड़े, जूट और पेपर बैग जैसे वैकल्पिक साधनों को अपनाएं जो पर्यावरण अनुकूल होते हैं। इसके पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष श्री धरमलाल कौशिक ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज हम सब लोगों का सौभाग्य है कि छत्तीगसढ़ के राज्यपाल सुश्री उइके ने पर्यावरण तीर्थ मद्कूद्वीप प्राकलन का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन धरोहर और दर्शनीय स्थल मद्कूद्वीप हरियाली और औषधीय पौधौं से परिपूर्ण होने के साथ-साथ हमारी आस्था का प्रतीक है जिसे इसे सहेजने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मुंगेली क्षेत्र के विधायक श्री पून्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद श्री लखनलाल साहू, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, जिले पुलिस अधीक्षक श्री डी.आर. आंचला, भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री गणेश शंकर मिश्रा, ग्राम के सरपंच श्री माखन बंजारे जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक पर्यावरण प्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# आपसी प्रेम और सदभाव के साथ मिलकर गढ़ेंगे नवा छत्तीसगढ़ : महंत

### राजिम माघी पुन्नी मेले का लौटा पुरातन गौरवशाली स्वरूप: साहू

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के नाम से सुशोभित राजिम में 15 दिनों तक चलने वाले राजिम माघी पुन्नी मेला का विधिवत शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने बुधवार रात भगवान राजीवलोचन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर और पूजा अर्चना कर किया। डॉ. महंत महानदी आरती में भी शामिल हुए।

इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, वाणिज्यिक कर एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक धनेंद्र साहू, राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, रायपुर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष धुप्पड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने राजिम मेला को पुरातन संस्कृति के अनुरूप पुन्नी मेला के रूप में स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को बधाई दी। डॉ महंत ने कहा कि राज्य के लोगो के आपसी प्रेम और सद्भाव, एकता और भाई-चारे के साथ हम सब मिलकर नवा छत्तीसगढ़ गढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राजिम माघी पुन्नी मेला हमें आपसी प्यार और सद्भाव का संदेश देता है। इस तीर्थ स्थान में साधु, संत महात्मा के सतसंग और उनके द्वारा दी गई सीख और आशीर्वाद को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ में हर चीज बेहतर हो इसके लिए मिलकर नवा छत्तीसगढ गढ़ना है। उन्होंने आज हुई दुर्घटना में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मेला का स्वरूप पहले बदल गया था, जिसे पुनः स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही पहला विधेयक राजिम माघी पुन्नी मेला का लाया था और गजेटियर के अनुसार इसे पुन्नी मेला का नाम दिया गया। मेला का स्वरूप सुंदर हो, यहां के इतिहास, संस्कृति, रहन सहन का समावेश करने का प्रयास किया जा रहा है। सबके सहयोग से पुन्नी मेला के आयोजन का यह चौथा वर्ष है। राज्य के विकास का आधार हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि राज्य की पुरातन संस्कृति का संरक्षण किया जाए।

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि राजिम धर्मस्थल है, यहां 15 दिन शराब बंदी रहेगी। यह देश का पहला राज्य है जहां गोबर खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार समर्थन मूल्य और इनपुट सबसिडी मिलाकर धान के लिए किसानों को प्रति क्विंटल 25 सौ रुपए दे रही है। बस्तर के आदिवासियों के पूज्य देवगुड़ी के विकास के लिए 5 लाख रुपए और घोटुल के विकास के लिए 10 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख अपने संबोधन के दौरान किया।

अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू ने राजिम माघी पुन्नी मेला की संस्कृति को पुनः स्थापित करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि मेले के प्राचीन स्वरूप को फिर से स्थापित करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि राजिम सदियों से महान पवित्र भूमि है। राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा की यहां आसपास के हजारों लोग इस पवित्र भूमि में दर्शन करने आते हैं और पुण्य लाभ कमाते हैं। यह मेला आस्था और भक्ति का संगम है। उन्होंने यहां की ऐतिहासिकता की जानकारी दी। उन्होंने मंच से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजिम क्षेत्र में मेला के दौरान 15 दिनों के लिए शराब बंदी करने के लिए आभार प्रकट किया। कलेक्टर नम्रता गांधी ने राजिम माघी पुन्नी मेला के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया की लेजर शो और सरस मेला यहां का प्रमुख आकर्षण है। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी प्रजापति के रवि कर साहेब, नारायण भाई, हेमा और पुष्पा बहन, स्वामी सिद्धेश्वर आनंद जी महाराज, त्रिभुवन भाई, और स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, वरिष्ठ अधिकारी गण और श्रद्धालु गण मौजूद थे।

इस अवसर पर गोबरा नवापारा पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पुष्पा जगन्नाथ साहू, रेखा सोनकर मौजूद थे। आज शुभारंभ अवसर पर लक्ष्मण झूला में राजिम के इतिहास संस्कृति और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करता हुआ आकर्षक लेजर शो प्रस्तुत किया गया।

## यातायात चालान प्रकरण निराकरण वर्चुअल कोर्ट के जरिए करने सभी आवश्यक तैयारी करें : मुख्य सचिव

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश के निर्देशानुसार ट्रैफिक चालान प्रकरणों की कार्यवाही वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से किए जाने के संबंध में विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों की बैठक लेकर इस दिशा में शीघ्र समुचित कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, प्रमुख सचिव विधि विभाग रामकुमार तिवारी, सचिव गृह विभाग धनंजय देवांगन सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी वर्चुअल बैठक में शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश के निर्देश हैं कि राज्य के सभी जिलों में ट्रैफिक चालान प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से हो इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध शीघ्र कर लिए जाए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि ट्रैफिक प्रकरणों की वर्चुअल कोर्ट से जिन प्रदेश में कार्यवाही की जा रही है, वहां के बैंकों से किए गए एग्रीमेंट की जानकारी ली जाए तथा छत्तीसगढ़ स्थित बैंक जो कम से कम चार्जेश पर पॉस मशीन लगाने के इच्छुक हैं उनसे प्रस्ताव प्राप्त करने के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में पुलिस महानिदेशक ने वर्चुअल कोर्ट प्रकरणों के संबंध में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में आयुक्त परिवहन ने बैंक के प्रतिनिधियों से ट्रैफिक चालानों के प्रकरणों के वर्चुअल निराकरण एवं डिजिटल भुगतान के संबंध में आवश्यक चर्चा की। बताया गया कि चंडीगढ़ और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में इस प्रक्रिया का क्रियान्वयन विभिन्न बैंकों के सहयोग से किया जा रहा है। श्री जैन ने इन राज्यों और बैंक के बीच हुए एग्रीमेंट की प्रति और छ.ग. में बैंक के साथ किए जाने वाले एग्रीमेंट की प्रति के साथ बैंकों द्वारा प्राप्त प्रस्ताव की विस्तृत जानकारी से उच्च न्यायालय के आईटी कमेटी को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय ने राज्य के सभी संभागीय मुख्यालय में ट्रैफिक चालान प्रकरणों की कार्यवाही वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिस पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है, रायपुर संभाग मुख्यालय में यह कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पॉश मशीनों के माध्यम से ट्रैफिक चालान प्रकरणों का निपटारा किया जा रहा है। राजनांदगांव, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग में भी जल्द ही डिजिटल चालान प्रकरणों के निपटारे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

## कोविड पॉजीटिव के बाद आत्महत्या, परिजनों को भी मिलेगा मुआवजा

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** ऐसा व्यक्ति जिसने कोविड-19 पॉजीटिव होने के उपरांत आत्महत्या कर ली हो उसके परिजन मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं, यदि उक्त आत्महत्या कोविड-19 पॉजीटिव पाए जाने के 30 दिवस के भीतर हुई हो तो। ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपने माता एवं पिता दोनों को खो दिया हो या ऐसे बच्चें जिनके माता या पिता में से कोई एक पूर्व में मृत हो चुके हो और दूसरे की कोविड-19 के कारण मृत्यु हुई हो, ऐसे बच्चों की जानकारी नेशनल कमीशन फोर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट के ऑनलाईन पोर्टल बाल स्वराज पर अपलोड की जानी है।

अशोक साहू जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर सूरजपुर के अंतर्गत कोविड 19 (कोरोना) में जिनकी मृत्यु हो गई है एवं शासन की ओर से उनके परिजनों को मुआवजा प्राप्त नहीं हुए हैं तो उनके परिजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर में संपर्क कर सकते हैं।

## आमचो बस्तर हेरीटेज सोसायटी का होगा गठन

■ **बादल एकेडमी, कलागुड़ी, थिंक बी, ट्रेवल बस्तर जैसी संस्थाओं को किया जाएगा सुदृढ़, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर रजत बंसल ने बादल एकेडमी, कलागुड़ी, थिंक बी और ट्रेवल बस्तर जैसी संस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए आमचो बस्तर हेरीटेज सोसायटी के गठन के निर्देश दिए। बुधवार देर शाम कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बस्तर की कला, संस्कृति, पर्यटन आदि विरासतों को सहेजने और संवारने में इन संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर सुरुचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर गोकुल रावटे, जगदलपुर के अनुविभागीय दण्डाधिकारी दिनेश नाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बादल एकेडमी के माध्यम से आदिवासी कला, संस्कृति पर आधारित डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संचालन हेतु खैरागढ़ स्थित इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय, बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा जगदलपुर स्थित शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय से संबद्धता हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बादल एकेडमी में निरंतर आदिवासी कला संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए। उन्होंने इस संस्थान से कला, संस्कृति एवं साहित्य से जुड़े अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश भी दिए। आसना में स्थित वन विभाग के उद्यान में आदिवासी संस्कृति व सभ्यता के दर्शन हेतु किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्होंने बादल एकेडमी के साथ ही संयुक्त पार्क के रुप में विकास पर भी चर्चा की।

कलेक्टर ने कलागुड़ी संस्थान के माध्यम से बस्तर की माटी शिल्पकला, धातु शिल्पकला, काष्ठ शिल्पकला, लौह शिल्पकला के साथ ही गोदना कला के संरक्षण संवर्धन की दिशा में भी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर की स्थानीय व्यंजनों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, जिससे पर्यटक इन व्यंजनों का आनंद ले सकें। कलेक्टर ने इन सभी संस्थानों में मानव संसाधनों की पूर्ति हेतु भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## वकीलों पर फर्जी एफआईआर दर्ज कराने तहसीलदार पर दबाव बनाने का आरोप

**रायगढ़/नवप्रदेश।** अधिवक्ता संघ रायगढ़ की ओर से एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि रायगढ़ तहसीलदार सुनील अग्रवाल की ओर से तहसील कार्यालय के कुछ कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अधिवक्ताओं के खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है और एफ आईआर करवाने का दबाव भी बनाया जा रहा है। अधिवक्ता संघ की ओर से बताया गया कि एक फैब्रिकेटेड वीडियो घटना दिनांक के लगभग सप्ताह भर बाद अचानक ही प्रकट होता है और उसके माध्यम से पहले विभिन्न माध्यमों से वायरल करा कर एक अधिवक्ता को बदनाम किया जाता है। फि र अपने कार्यालय के एक कर्मचारी पर दबाव बनाते हुए अधिवक्ताओं पर एफ आईआर कराने के लिए थाने भेजा जाता है। रायगढ़ अधिवक्ता संघ की ओर से स्पष्ट किया गया है कि गुरूवार को एक आवेदन तहसील कार्यालय के एक कर्मचारी द्वारा थाने में भेजने की बात कही जा रही है जिसमें एडवोकेट आशीष मिश्रा पर मामला दर्ज किए जाने संबंधी बातें कही जा रही हैं। जबकि यह वहीं तथाकथित पीड़ित कर्मचारी हैं जिसने सप्ताह भर पूर्व ही कुछ अन्य अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर के लिए थाने में आवेदन किया था, लेकिन अधिवक्ता आशीष मिश्रा का नाम शिकायत में शामिल नहीं था। अधिवक्ता संघ का कहना है कि तहसील कार्यालय के प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी अधिवक्ता आशीष मिश्रा को बखूबी जानते पहचानते हैं। बावजूद इसके तथाकथित पीड़ितों की ओर से पुलिस को दिए गए शिकायत पत्र और अपने बयान में अधिवक्ता आशीष मिश्रा के नाम का कहीं पर भी उल्लेख नहीं है। फैब्रिकेटेड वीडियो जारी करवाकर अधिवक्ता संघ के आंदोलन को प्रभावित करने के उद्देश्य से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से तहसीलदार सुनील अग्रवाल दबाव बनाते हुए थाने में शिकायत करवाई जा रही है इसे अधिवक्ता संघ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि तहसीलदार के कॉल डिटेल की जांच की जाए तो सच का सच और झूठ का झूठ सामने आ जाएगा और तहसीलदार सुनील अग्रवाल की ओर से रचे जा रहे हैं षड्यंत्र का खुलासा हो जाएगा।

## माओवादियों ने केंद्र व राज्य सरकार पर बस्तर के आदिवासियों को गुमराह करने का लगाया आरोप

**भोपालपटनम/नवप्रदेश।** माओवादियों ने केंद्र व राज्य सरकार पर बस्तर के आदिवासी भोली-भाली जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि नवयुवक- युवतियों को अच्छे नौकरी का लालच देकर सुरक्षा विभाग में भर्ती की जा रही है। साथ ही केन्द्र व राज्य शासन बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल- जंगल- जमीन व खनिज सम्पदा को देश के उद्योगपतियों के हाथों सौंपने की बात कही है। नक्सलियों द्वारा एनएच 63 में फेंके गए पर्चे में यह भी आरोप लगाया है कि एक ओर मोदी सरकार, दूसरी ओर भूपेश सरकार सत्ता में आने से पहले जनता को झूठे वादे कर गुमराह किया। साम्राज्यवादियों द्वारा उनके लाभ के लिए शुरू की गई कोरोना महामारी का बहाना कर सभी शैक्षणिक संस्थान को बंद कर आदिवासी युवक-युवतियों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। मेहनतकश किसान समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन केन्द्र व राज्य सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

### नेताओं व उद्योगपति पर लगाए आरोप

माओवादियों ने आरोप लगाया है कि क्या बड़े-बड़े नेता और मंत्री व उद्योगपति के संतान पुलिस बन रहे हैं? केन्द्र- राज्य सरकार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा अनेक प्रकार का लालच दिखाते हुए जनविरोधी पुनरावास नीति आत्मसमर्पण प्रचार अभियान को जोर से चला रही है। इस एलआईसी पालिसी नीति को मजबूती से अपनाते हुए हमारे आदिवासी बहुल इलाकों के बेगुनाह ग्रामीणों को माओवादी होने का झूठे बात करते हुए गिरफ्तार कर जबरन तौर पर आत्मसमर्पण करवा रहे हैं। आत्म समर्पित हुए पूर्व माओवादी यह कहते हैं कि माओवादी विकास विरोधी है लेकिन हमारे क्रांतिकारी माओवादी पार्टी, हमारे आदिवासी जनता के लिए विकास विरोधी नहीं है। इस प्रकार के अनेक आरोप माओवादियों द्वारा शासन प्रशासन लगाया गया है। यह पर्चा भाकपा ( माओवादी) मद्देड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी किया गया।

### इनका विरोध करने की अपील

1. पुलिस विभाग के आला अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे (आत्मसमर्पण) नीति का विरोध करे.
2. हमारी पार्टी से राजनीतिक पतन होकर पुलिस के सामने सरेंडर हुए गद्दारों ने हिन्दी व कोया भाषाओं से पोस्टर, पर्चा छपाकर गांव, गलियों तक प्रचार करने का योजना का निंदा करे.
3. सरकार के सरेंडर पालिसी में शिकार होकर आत्मसमर्पण नहीं, जबकि क्रांतिकारी माओवादी पार्टी के मार्गदर्शन में हम सब एक होकर जल- जंगल- जमीन, अस्तित्व, अस्मिता, आत्मसमर्पण के लिए लुटेरे वर्गों के खिलाफ संघर्ष करे।
4. बंदूक व पद के साथ सरेंडर होने पर ईनाम राशि घर देने की जन विरोधी वादा दिखा रही है, पर झूठा है. शासन, पुलिस प्रशासन के सामने सरेंडर होना गुलाम जिंदगी है।
5. निर्दोषो ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेजना, हत्या करना बंद करे।
6. समाधान, प्रहार, हमला बंद करे।
7. इलमिड़ी थाना में हेलीपैड व मिनकापल्ली कैम्प को तत्काल रद्द करे।

## महंत ने संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारत के महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती पर उन्हें नमन किया। डॉ महंत ने कहा कि, धर्मगुरु रामकृष्ण परमहंस जी ने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया, उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं, वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं।

## पुरी शंकराचार्य का हुआ ऐतिहासिक स्वागत

**भाटापारा/नवप्रदेश।** मंगलवार को शाम सात बजे कोरबा विशाखापटनम लिंक एक्सप्रेस से पधारे गोवर्धन मठ पूरी पीठाधीश्वर परम् शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज का रेलवे स्टेशन से महेश्वरी भवन तक लोगों ने जोरदार भव्य स्वागत किया इस दौरान पुलिस व प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी के भाटापारा पहुंचते ही जयघोष के नारे के साथ पूरा रेलवे स्टेशन गूंज गया। दूसरी तरफ नगरवासियों ने फू ल माला एवं धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, जय जय श्री राम, हर हिन्दू सनातनी हो जैसे धार्मिक नारों के साथ भव्य स्वागत किया। युवाओं ने पूरे नगर को भगवे ध्वज, भगवे तोरण, स्वागत द्वार एवं फ्लेक्स लगाकर पूज्य प्रवर के स्वागत के लिये पूरे नगर को धार्मिक रंग में रंग दिया। शंकराचार्य महाराज 18 फ रवरी की शाम तक भाटापारा प्रवास पर रहेंगे जिसमें विशेष रूप से संगोष्ठी, धर्मसभा एवं दीक्षा समारोह जैसे कार्यक्रम आयोजित होगें।

## कैम्प के जरिए हो रही सुरक्षा जवानों की भर्ती, अब तक 52 युवाओं का हुआ चयन

**कोरिया/नवप्रदेश।** कोरिया जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। एसआईएस के माध्यम से सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाईजर, सीआईटी, इन्सटेक्टर, भर्ती अधिकारी के पद पर भर्ती की जा रही है। भर्ती अधिकारी कुलदीप सोनकिया ने बताया कि शिविर का आयोजन 06 फरवरी से शुरू हो चुका है। जो 25 फरवरी तक किया जायेगा। अब तक 08 शिविर हो चुके हैं जिनमें 400 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। इनमें से 52 लोगों की भर्ती की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इच्छुक युवा नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। मनेन्द्रगढ़ थाना में 06 फरवरी को शिविर का आयोजन किया गया। इसके बाद थाना चिरमिरी, पोढ़ी, चरचा, पटना, झगराखाण्ड, खड़गवां और थाना केल्हारी में कैम्प का आयोजन किया जा चुका है। थाना कोटाडोल में 17 फरवरी को आयोजित कैम्प में 50 से भी ज्यादा ग्रामीण युवा पहुंचे। जहां लगभग निर्धारित मापदंडों के आधार पर 10 लोगों का चयन किया गया है। आगामी कैम्प थाना जनकपुर में 21 फरवरी, थाना सोनहत में 22 फरवरी, थाना बैकुंठपुर में 23 फरवरी एवं पुलिस लाईन बैकुण्ठपुर में 25 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी के मोबाइल नम्बर 7509781949 एवं कमान्डेन्ट अनिश तिवारी मोबाइल नम्बर 9523046444 से सम्पर्क किया जा सकता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 36 शिक्षकों का किया गया सम्मान

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा पढ़ई तुंहर दुवार 2-0 में बेहतर कार्य कर रहे प्रत्येक जिले के शिक्षको को पुरस्कृत करने की घोषणा शिक्षा मंत्री द्वारा किया गया था। उसी तारतम्य में जिला परियोजना कार्यालय बेमेतरा द्वारा जिले के 36 शिक्षकों को पढ़ई तुंहर दुवार 2-0 के अंतर्गत कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। बेमेतरा जिले के 36 शिक्षकों का सम्मान जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डाईट प्राचार्य हेमन्त भूवाल सर, जिला मिशन समन्वयक कमोद सिंह ठाकुर, एपीसी कमल नारायण शर्मा द्वारा सम्मान प्रमाण पत्र, श्रीफल और पेन द्वारा किया गया।

शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बीआरसी भवन बेमेतरा के सभाकक्ष में किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने कोरोना काल के समय स्वयं के द्वारा किये गये कार्यों के बारे में बताया और आगे बच्चों के लिए क्या करेंगे जिससे बच्चों के अध्यापन में जो लर्निंग गेप आया है उसके लिए अपने-अपने नवाचार आईडियाज को सांझा किया।

शिक्षक सम्मान समारोह में जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी शिक्षकों के सुझाव एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया सभी शिक्षकों ने बताई। सम्मान समारोह में सतीष शर्मा बीआरसी बेमेतरा, तारकेश्वर साहू बीआरसी बेरला, सोनूराम साहू बीआरसी नवागढ़ समावेशी शिक्षा प्रभारी रेणुका चौबे, बीआरपी रजनी देवांगन, शिक्षक हरि केडिया एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।